तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025



रघुराज सिंह स्टेडियम में खिलाड़ियों के बैठने के लिए बनाए गए शेड।



## खबर संक्षेप

### भारतीय नगर पानी टंकी की सफाई आज नहीं आएगा पानी

**बिलासपुर।** नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित पानी टंकियों का सफाई अभियान एक बार फिर शुरू किया गया है। ऐसे में सोमवार 4 अगस्त को भारतीय नगर स्थित उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) की सफाई की जाएगी। इस काम को पूरा करने छह से 10 घंटे तक का समय लग सकता है। पानी टंकी की सफाई की वजह से जल प्रदाय क्षेत्र भारतीय नगर, नगर निगम कालोनी, गजीबों होटल के पीछे, अयप्पा मंदिर, तालापारा मेन रोड एवं संबंधित क्षेत्रों में सोमवार शाम को पानी की सप्लाई नहीं होगी। निगम ने लोगों से अपील की है कि रविवार सुबह के समय होने वाली पानी सप्लाई के दौरान आवश्यकता के हिसाब से पानी का संग्रहण कर लें।

### लिफ्ट में फंसे 8 लोग सभी सुरक्षित

**बिलासपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित विशाल मेगा मार्ट में रविवार शाम को एक बड़ा हादसा टल गया।



शॉपिंग के लिए पहुंचे 8 लोग लिफ्ट में फंस गए, जिसमें चार महिलाएं और एक मासूम बच्चा शामिल थे। घटना तब घटी जब ये सभी ग्राहक थर्ड फ्लोर से ग्राउंड फ्लोर की ओर आ रहे थे। अचानक लिफ्ट बीच में ही बंद हो गई और सभी लोग उसमें कैद हो गए। करीब एक घंटे तक सभी लोग लिफ्ट के अंदर रहे। मार्ट के स्टाफ ने पहले अपने स्तर पर लिफ्ट को ठीक करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। बाद में तकनीकी टीम को मौके पर बुलाया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लिफ्ट का दरवाजा खोलकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### 13 पीएमश्री स्कूलों में भर्ती आवेदन 11 तक

**बिलासपुर।** जिले में संचालित 13 पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालिक योग-खेल शिक्षक एवं प्रशिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इसके लिए 11 अगस्त तक आवेदन मंगाए गए हैं। जिला पंचायत स्थित समग्र शिक्षा के जिला परियोजना कार्यालय में डाक अथवा स्पीड पोस्ट से आवेदन करना होगा। योग्यता, नियम, शर्तों एवं आवेदन का प्रारूप जिला प्रशासन की वेबसाइट www. bilaspur. gov.in पर मौजूद है। चयनित शिक्षक को प्रतिमाह 10 हजार रुपए मानदेय मिलेगा।

### हवा का रूख बदला गर्मी ने बढ़ाई परेशानी

**बिलासपुर।** मानसूनी हवाएं प्रदेश से गायब हो चुकी है, हवा का रूख बदलने से बारिश रूक चुकी है, वहीं आसमान से बादल भी नहीं है, ऐसे में सूरज की तेज किरणें के कारण गर्मी और उमस बढ़ने लगी है। लगातार तापमान में बढ़ोत्तरी भी हो रही है, जिसके चलते लोगों को एक बार फिर कूलर और एसी के सहारे रहना पड़ रहा है। रविवार को अचानक अधिकतम तापमान चढ़ने लगा, और 33.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि मानसूनी हवाओं का सिस्टम कमजोर पड़ चुका है, ऐसे में बारिश भी बंद है, जिसके चलते तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार सरगुजा संभाग को छोड़ बाकी जगहों पर कमोबेश बारिश नहीं हो रही है, जहां बारिश हो रही है, वहां भी बुंदाबांदी ही दर्ज की गई है। द्रोणिका का असर बना हुआ है लेकिन फिलहाल एक-दो अच्छी बारिश की संभावना कम ही है। 6 अगस्त के आसपास एक बार फिर बारिश होने की आशंका बनी हुई है।

# 55 महिलाओं ने तीन साल पहले शुरू किया काम, 17 राज्यों में अब इनके बनाए अचार, देशी हल्दी, कोदो कुटकी, सत्तू, मक्का के साथ सेनेटरी नैपकिन की मांग

मंडे विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोरमी, गनियारी, कोटा की 55 महिलाओं ने तीन साल पहले साथ मिलकर एक समूह बनाया, इसे संगम नाम दिया गया। उद्देश्य था गांव की खेती-किसानी और इसकी उपज को गांव से जोड़कर रखना। अब इनके द्वारा बनाए गए आचार, देशी हल्दी, कोदो कुटकी, सत्तू, मक्का के साथ सेनेटरी नैपकिन की मांग देश भर के 17 राज्यों में फैल चुकी है। हर महीने इन राज्यों से आर्डर आता है और यह महिलाएं इन सामानों की पैकेजिंग करके वहां इंडिया पोस्ट के माध्यम से सप्लाई करती हैं। इसके लिए आठ यूनिट स्थापित की गई है। जिला खनिज न्यास के साथ ही गनियारी के जन स्वास्थ्य केंद्र और कुछ संस्थाओं से इन्हें सहयोग मिला है। अब यह महिलाएं सही मायने में आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। महिलाओं को बाजार मूल्य से 10% अधिक की कीमत भी मिल रही है। इन सामानों की सप्लाई मप्र, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, आसाम, जम्मू कश्मीर में होती है।

गनियारी में एक गरिमा मार्ट नाम से एक सेंटर है। गरिमा मतलब ग्रामीण आत्मनिर्भर रोजगारी मंच। इसकी मातृत्व संस्था संगम महिला स्वास्थ्य सहायता समूह है। समूह में सभी महिलाएं हैं और इनका मार्गदर्शन गनियारी स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े अनिल बामने करते हैं। वह बताते हैं कि रासायनिक खाद्य से उपार्जित खाद्यान्न सामग्री से काफी नुकसान हो रहा है इसलिए जैविक खेती पर ध्यान दिया जा रहा है। क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति को देखते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कुछ योजनाएं चलाईं गईं। महिलाओं ने भी इसमें दिन-रात मेहनत किया और आज वे एक मुकाम पर खड़ी है जहां देश भर में उनका नाम चल रहा है। इस समूह में 55 महिलाएं रजिस्टर्ड हैं तो 800 से अधिक महिलाएं इनसे जुड़कर काम कर रही हैं। यह महिलाएं समान उत्पादन के साथ ही इसकी प्रोसेसिंग और पैकेजिंग भी कर रही हैं।



- हर महीने राज्यों से आता है आर्डर, महिलाएं सामानों की पैकेजिंग करके इंडिया पोस्ट के माध्यम से करती हैं सप्लाई
- इसके लिए मशीनों की आठ यूनिट स्थापित की गई, डीएमएफ के साथ ही सामाजिक संगठनों द्वारा भी मिल रहा सहयोग

### 22 प्रकार के उत्पाद, पैकेजिंग के लिए बड़ी यूनिट



दूसरी यूनिट सत्तू की लगाई गई है। इसमें 1000 बच्चों के लिए हर महीने सत्तू बनाया जाता है और इसे आसपास के क्षेत्र के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सप्लाई किया जा रहा है। मिलेट्स के लिए छत्तीसगढ़ की सबसे छोटी यूनिट गनियारी में स्थापित की गई है। चौथी यूनिट मक्का रागी की बिस्कुट के लिए स्थापित है। इसकी बाजार में काफी मांग है। खास बात है कि इसमें किसी प्रकार का वनस्पति तेल का उपयोग नहीं होता है। इसके अलावा हल्दी की यूनिट अलग लगाई गई है जिसमें बिना केमिकल की देसी हल्दी उत्पादित हो रही है। मिलेट्स की बिस्कुट के लिए अचानकमार के गांव में एक अलग यूनिट स्थापित हुई है। सरसों तेल के लिए अलग से यूनिट स्थापित की गई है। इसके साथ ही आचार, फिनायल और 22 प्रकार के प्रोडक्ट के लिए के पैकेजिंग के लिए अलग से यूनिट स्थापित की गई है। जहां इन उत्पादित सामानों की पैकेजिंग करके बाजार में बिक्री के लिए भेजा जाता है।

### सेनेटरी नैपकीन की देश भर में मांग

इन सामानों के उत्पादन और पैकेजिंग के लिए आठ अलग-अलग यूनिट गनियारी और कोटा क्षेत्र में स्थापित की गई है। इसमें सेनेटरी नैपकिन, सत्तू, को दो, कुटकी मक्का राजी हल्दी मिले सरसों तेल की अलग-अलग यूनिट है इसके साथ इन सभी सामानों की पैकेजिंग के लिए एक अलग यूनिट स्थापित की गई है इन यूनिट की स्थापना के लिए इन महिलाओं को राज्य सरकार और कुछ स्वयं सेवी संस्थाओं ने मदद भी की है। समूह में शामिल अधिकांश महिलाएं ग्रामीण और आदिवासी हैं।

समूह में शामिल राजकुमारी ध्रुवे, यशोदा टोप्पो, शिवकुमारी पटेल, संतोषी टोप्पो, रामप्यारी टोप्पो, गायत्री ध्रुवे, गणेशिया उरांव और बासंती पटेल बताती हैं कि माहवारी के दिन में आसपास के क्षेत्र में अधिकांश महिलाएं गंदे कपड़े प्रयोग करती थी इससे संक्रमण और बीमारी की आशंका रहती थी। इसलिए सबसे पहले सेनेटरी नैपकिन बनाने की सोची गई। सहयोग से इसकी यूनिट डाली गई। अब महिलाएं इस नैपकिन का उपयोग करने के साथ ही इसकी बिक्री भी बाजारों में करती हैं।



सिरगिट्टी स्थित अंडरब्रिज में बनाई गई बस्तर आर्ट की कलाकृति।

## लोग टैक्स देना चाहते हैं, लेकिन निगम सालों बाद भी नहीं बना सका सिस्टम

- इनके घर पहुंचेगी निगम की टीम, 2016-17 के हिसाब से डिमांड होगा जारी
- जिन्होंने नहीं करवाए हैं दस्तावेज अपडेट उनका भी रिकॉर्ड होगा दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की टीम राजस्व वसूली के मामले में अभी तक कोई सिस्टम नहीं बना सकी है। इसी कारण हजारों लोग ऐसे हैं जिन्होंने आज तक कभी टैक्स दिया ही नहीं है। रामा लाइफ से लेकर भारतीय नगर, नेहरू नगर से लेकर दूसरी कई कालोनियों के लोग टैक्स पटाना चाह रहे हैं लेकिन निगम अमला यहां तक नहीं पहुंच पा रहा है। हालांकि निगम सभी संपत्तियों को आनलाइन करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है, लेकिन खास तौर पर नए जुड़े क्षेत्रों तक निगम की पहुंच अभी नहीं है। इसके साथ ही रांची की कंपनी नो 12 हजार से अधिक संपत्तियों में जो गड़बड़ी की थी, निगम उसे सुधार नहीं सका है। निगम का दावा है कि अब ऐसे लोगों को चिन्हांकित किया जा रहा है जिन्होंने या तो आज तक प्रॉपर्टी टैक्स ही नहीं दिया है या फिर प्रॉपर्टी टैक्स भरने के बाद भी उन्होंने अपने दस्तावेजों को ऑनलाइन रजिस्टर्ड नहीं करवाया है।

निगम अधिकारियों के मुताबिक राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से अब गैरमूल्यांकित संपत्ति से वसूली का टारगेट लेकर काम हो रहा है। एक प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक लाख से अधिक गैरमूल्यांकित संपत्ति है। इन सभी संपत्ति धारकों को 2016-17 के हिसाब से डिमांड जारी किया गया है। जोन वार इन संपत्तियों का सर्वे भी कराया जा रहा है। इसके लिए हर जोन में टीम की नियुक्ति की गई है। अधिकारियों के मुताबिक 2016-17 में जीआईएस मैपिंग के आधार पर डिमांड जारी किया गया है। लेकिन भौतिक सर्वे में किसी के पास नल कनेक्शन नहीं है या फिर किसी ने बीच में कभी टैक्स पटाया है, ऐसे लोगों के डिमांड में उस राशि को घटाकर उन्हें नया डिमांड जारी किया जा रहा है।




### सर्वे के बाद तैयार होगा रिकॉर्ड

हालांकि निगम ने इसके लिए अभियान जरूर शुरू किया है। जोन वार सर्वे किया जा रहा है। सर्वे की टीम गैर मूल्यांकित संपत्ति मालिकों से दस्तावेजों की मांग कर रही है। इनमें सबसे पुरानी रसीद जब उन्होंने टैक्स पटाया था। इसके अलावा रजिस्ट्री के पेपर या फिर डायवर्सन के पेपर उपलब्ध करवाना होगा। इसी तारीख के हिसाब से लोगों को नया डिमांड जारी किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक नगर निगम में हर साल पहले गैरमूल्यांकित 5 से 10 हजार संपत्ति से ही वसूली हो पाती थी लेकिन इस बार हमने इन्हीं पर सबसे ज्यादा फोकस किया है। सर्वे पूरा होते ही यह सभी संपत्तिकर दाता ऑनलाइन रिकॉर्ड में आ जाएंगे, जिनसे हर साल नियमित तरीके से टैक्स की वसूली की जा सकेगी। इससे निगम की आय भी बढ़ेगी।

### किया जा रहा चिन्हांकन

नगर निगम की टीम राजस्व वसूली के मामले में अब ऐसे लोगों को चिन्हांकित कर रही है, जिन्होंने या तो आज तक प्रॉपर्टी टैक्स ही नहीं दिया है या फिर प्रॉपर्टी टैक्स भरने के बाद भी उन्होंने अपने दस्तावेजों को ऑनलाइन रजिस्टर्ड नहीं करवाया है। जीयो ट्रेकिंग का भी इस्तेमाल किया जा रहा। इससे लोग अपने पुराने भवन में विस्तार करेंगे तो आनलाइन ही साफ्टवेयर के माध्यम से पता चल जाएगा। घरों में डिजिटल कोर नंबर भी लगाए जा रहे हैं। अब क्यूआर कोड से मकानों की पहचान होगी। लोग घर बैठे सारे टैक्स जमा कर सकेंगे। एक यूनिक आईडी नंबर सभी मकानों को मिलेगा।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

### बिजली बिल, सिलेंडर बुकिंग तक घर बैठे हो रही

यहां ध्यान देने वाली बात है कि जैसे ही कोई उपभोक्ता बिजली कनेक्शन लेता है, उसका पूरा डिटेल आनलाइन हो जाता है। हर महीने घर बैठे एक क्लिक में बिजली बिल जमा भी हो जाता है। इसके साथ ही गैस सिलेंडर बुकिंग, मोबाइल रिचार्ज से लेकर दूसरी कई सुविधाएं आनलाइन हो गई हैं, लेकिन नगर निगम इतने सालों में अभी भी मैन्यूअल काम कर रहा है। निगम क्षेत्र में शामिल कुछ संपत्तियों को जरूर आनलाइन करते हुए निगम ने लिंक जारी किया है जिसमें प्रापर्टी टैक्स जमा किया जाता है लेकिन हजारों ऐसी संपत्तियां हैं जिनसे निगम को टैक्स लेना है। ऐसे गैरमूल्यांकित संपत्ति की संख्या लाखों में है, जिनसे निगम को करोड़ों रुपए का टैक्स वसूलना है।

### रांग साइड में ई-रिक्शा को टक्कर मारने का मामला

## सिविल लाइन पुलिस का कारनामा : महिला के खिलाफ एफआईआर, युवक को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला बाइपास में रांग साइड कार घुसाकर ई रिक्शा को टक्कर मारने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने नया कारनामा किया है। इस मामले में कार चालक महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है, परन्तु गिरफ्तारी कार सवार युवक की हुई है।

ज्ञात हो कि 26 जुलाई की रात 10.30 बजे मंगला बाईपास स्मार्ट रोड पेट्रोलपंप के पास कार क्रमांक सीजी 10 बीवाय, 3300 में सवार महिला ने तेज गति से कार चलाते हुए ई रिक्सा को टक्कर दी थी। हादसे में 3 साल बच्ची बाबू, 14 साल का ताराचंद जांगड़े पिता भारत जांगड़े, राहुल चतुर्वेदी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने बड़े भाई अरविंद चतुर्वेदी की रिपोर्ट पर कार चालक अज्ञात महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज किया था। मजेदार बात यह है कि उसी रात सिविल लाइन पुलिस ने आनन फानन में बिना घटनास्थल की जांच किए। नेहरू नगर निवासी ऋषभ वासवानी पिता रवि वासवानी की रिपोर्ट पर ई रिक्शा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज किया था। इसके बाद अब सिविल लाइन पुलिस ने दो दिन बाद उक्त मामले में एफआईआर में दर्ज महिला की बजाए कार सवार ऋषभ वासवानी को चालक बनाकर गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया। ऋषभ वासवानी सुपुर्दनामा लेकर जब्त कार लेकर चला गया।



रांग साइड से कार सवार महिला ने ई-रिक्शा को मारी थी टक्कर, इलाज के दौरान घायल बालक की मौत

हरिभूमि में 3 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### घायलों का नहीं हुआ है बयान

हादसे के दूसरे तीसरे दिन ही कार सवार युवक की गिरफ्तारी कर मुचलका पर छोड़ दिया गया। वहीं हादसे के 9 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस घायल ई रिक्शा चालक व बच्चों का बयान लेने नहीं गई है। जबकि हादसे में एक बालक की मौत हो गई है। वहीं हादसे का मौके से सीसीटीवी फुटेज भी नहीं लिया गया है, ताकि हादसा किस गाड़ी के वजह से हुआ है स्पष्ट हो सके।

### बालक की मृत्यु के पहले गिरफ्तारी

बेलगाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बालक 14 वर्षीय ताराचंद जांगड़े पिता भारत जांगड़े की 1 अगस्त को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बालक की मृत्यु के पहले दुर्घटनाकारित करने वाले चालक को गिरफ्तार कर कार का सुपुर्दनामा कर दिया था।

### बहुत लोगों ने देखा कार लड़की चला रही थी

26 जुलाई को हादसा होने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई तो वहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी थी। अधिकांश लोगों ने पुलिस को बताया कार लड़की चला रही थी। पुलिस घटनास्थल के पास पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी व कुछ आसपास संस्थानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी तो स्पष्ट हो जाएगा कि कार कौन चला रहा था।

### कार सवार युवती को आई थी चोट

दुर्घटना में कार सवार युवती को चोट आई थी। पुलिस के द्वारा उसका डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया है। यह चोट दुर्घटना होने पर स्टीयरिंग से टकराने से आने की संभावना है। सामने सीट व पीछे सीट में बैठने से ठूंठ में चोट आना संभव नहीं है।

### की गई कार चालक युवक की गिरफ्तारी

घायल ई रिक्शा के चालक के बड़े भाई ने रिपोर्ट लिखाई है। उसने अज्ञात महिला के द्वारा चलाना बताया है, किन्तु गाड़ी कौन चला रहा था, किसी ने नहीं देखा है। सीसीटीवी फुटेज में युवक ड्राइविंग साइड से उतरकर घायलों को ले जाते दिख रहा है। इसी आधार पर कार चालक युवक की गिरफ्तारी की गई है।

**- एसआर साहू** सिविल लाइन टीआई

### सिटी सर्किल में हैं 7 जोन, मरम्मत और निर्माण में मिलेगी मदद

## सता रही बिजली, अब व्यवस्था सुधारने बढ़ेंगे 3 नए जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जल्द ही बिजली विभाग द्वारा सिटी सर्किल में नए जोन बनाए जाएंगे। क्षेत्र के विस्तार और उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या ने विभाग को नए जोन बनाने के लिए मजबूर कर दिया है। जिस तरह से आए दिन बिजली बंद होने की समस्या से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी है, उसे देखते हुए नए जोन में बांटकर मरम्मत और निर्माण कार्य में तेजी लाने का प्लान बनाया जा रहा है।

सिटी सर्किल में 7 जोन आते हैं, इसमें पूर्व डिवीजन के बसंत विहार, लिंक रोड, तोरवा, सिरगिट्टी और पश्चिमी डिवीजन के गोल बाजार, नेहरू नगर और सरकंडा शामिल है। इन जोन में एई से लेकर जेई और पूरा स्टाफ, फ्यूज कॉल सेंटर मौजूद है, लेकिन आए दिन बिजली बंद, फाल्ट सुधारने में बेवजह देरी जैसे मामले सामने आए हैं। इस दौरान स्टाफ की कमी भी विभाग के लिए सिरदर्द बना हुआ है, चुंकि विभाग ने सेटअप के अनुसार स्टाफ दिया जाता है, ऐसे में विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या और काम का लोड होने के कारण 3 नए जोन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। जोन की स्वीकृति की फाइल भी रायपुर कार्यालय भेजी गई है। बताया जा रहा है कि जल्द ही इसकी स्वीकृति मिलना तय है। ऐसे में कोनी, मंगला और व्यापार विहार जोन बनाए जा सकते हैं।



### लाइन स्टाफ व फ्यूज कॉल मिलेंगे

नए सेटअप के साथ विभाग में लाइन स्टाफ और फ्यूज कॉल की स्थापना होगी। साथ ही सालों से एक ही जगह पर ड्यूटी दे रहे वर्तमान कर्मचारियों की पदस्थापना की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार शुरूआती दौर पर लाइन स्टाफ को संविदा या ठेके पर लेकर भी काम चलाया जा सकता है, लेकिन एई और जेई की पदस्थापना होने से कुछ हद तक काम पूरा कराया जा सकेगा।

### उपभोक्ताओं का दबाव होगा कम

खास बात यह है कि सरकंडा जोन का विभाजन कर कोनी जोन बनाया जाएगा, इसकी मांग काफी दिनों से जारी है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इसपर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सरकंडा में 24 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं, ऐसे में इसे 2 जोन में बांटना अनिवार्य हो चुका है। इसके साथ ही सकरी और नेहरू नगर जोन के उपभोक्ताओं को मिलाकर मंगला जोन बनाया जाएगा, साथ ही व्यापार विहार क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए नया व्यापार विहार जोन बनाया जाएगा। इसमें लिंकरोड, गोल बाजार के उपभोक्ताओं को शामिल कर लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि वर्तमान में स्टाफ को उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने और उनका निराकरण में परेशानी हो रही है, उपभोक्ताओं को बांटकर जोन के अधिकारी मरम्मत में पूरा ध्यान दे सकेंगे।

### भेजा गया प्रस्ताव

3 नए जोन बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है, जिससे मरम्मत और निर्माण में हो रही परेशानी का बहुत कुछ हल हो सकेगा। नई टीम मिलेगी और संसाधनों के लिए दिक्कत नहीं आएगी।

**- पीआर साहू,** एसई, विद्युत विभाग

## साफ्टवेयर कंपनी के खाते में गड़बड़ी, कर्मचारी ने 9 लाख हड़पे

**बिलासपुर।** मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट साफ्टवेयर उपलब्ध कराने वाली एक निजी साफ्टवेयर कंपनी के खाते में दस्तावेजी छेड़छाड़ कर कर्मचारी ने 9 लाख रुपये का गबन कर लिया। इस मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के लाडो सराय निवासी योगेंद्र शर्मा दिल्ली स्थित बटरफ्लाई साफ्टवेयर कंपनी में मैनेजर हैं। यह कंपनी देशभर के अस्पतालों को मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के लिए साफ्टवेयर और सेवाएं प्रदान करती है। इसके एवज में कंपनी त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक भुगतान लेती है। नियमों के तहत कंपनी के किसी भी कर्मचारी को नकद भुगतान स्वीकार करने की अनुमति नहीं है। बिलासपुर में कंपनी ने राजेंद्र नगर निवासी विकास मसीह को अस्पतालों से संपर्क कर सेवा उपलब्ध कराने व भुगतान संग्रह की जिम्मेदारी सौंपी थी। जांच में सामने आया कि विकास ने कंपनी के नियमों का उल्लंघन करते हुए अस्पतालों से नकद में रकम लेना शुरू किया और नकद राशि अपने खाते में जमा करना शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर योगेंद्र शर्मा को जांच के लिए भेजा गया। उसने पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी स्वीकार कर ली। जांच आगे बढ़ने पर गबन की राशि नौ लाख रुपये से अधिक पाई गई।

## खबर संक्षेप

### किशोर छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा बिलासपुर के अध्यक्ष का निर्वाचन रविवार को कर्मचारी भवन में प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। चुनाव मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कुमार अवस्थी, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजीव कस्तूरे,एवं राजेश्वर वस्त्रकार के द्वारा संपन्न कराया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि नामांकन फार्म एकमात्र प्रत्याशी किशोर शर्मा द्वारा जमा किए जाने पर उन्हें निर्विरोध जिला शाखा अध्यक्ष घोषित किया गया। घोषणा होने के पश्चात संगठन के सभी पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए श्री शर्मा को फूल माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की आज के निर्वाचन कार्यक्रम मे सकरी तहसील शाखा अध्यक्ष के रूप में विजय श्रीवास, कोटा तहसील शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अरविंद गुप्ता एवं कोटा महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती ममता बैरागी को जिला शाखा बिलासपुर की ओर से नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रांत अध्यक्ष जी आर चंद्रा, प्रांतीय सचिव पवन शर्मा, जिला पूर्व अध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा कि जिला शाखा के सभी पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास से संगठन को मजबूती मिलेगी और कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण होगा।

### स्वच्छता अवार्ड मिलने पर रोटरी ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर द्वारा रोटरी भवन, सीएमडी चौक, लिंक रोड में स्वच्छ बिलासपुर रोटरी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती पूजा विधानी, महापौर, नगर निगम बिलासपुर, और विशिष्ट अतिथि के रूप में निगम आयुक्त अमित कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की टीम को बिलासपुर को भारत में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 - 25 में दूसरा स्थान दिलाने के लिए प्रशस्ति पत्र, शॉल और मोमेंटों द्वारा सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नगर निगम की टीम के प्रयासों को सम्मानित करना था।

### सीवीआरयू ने दी रवि को पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डा.सीवी रमन विश्वविद्यालय की ओर से रवि कुमार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य के औद्योगिक विकास में दल्लीराजहरा स्थित औद्योगिक विकास निगम सीएसआईडीसी की भूमिका का मूल्यांकन विषय पर शोध कार्य के लिए प्रदान हुई है। रवि कुमार ने यह शोध कार्य प्रोफेसर डा. विवेक वाजपेयी के निर्देशन में पूर्ण किया। रवि कुमार वर्तमान में इस विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

### बिजली कार्यालय में मनाया गया वन महोत्सव

**बिलासपुर।** मंगलवार को तिफरा स्थित विद्युत कार्यालय परिसर में कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्ट, अतिरिक्त मुख्य अभियंता डीके भोजक अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगडे, पीआरसाहू, डीपी बारवा, सुश्री स्मिता सूर्यवंशी अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में पौधरोपण किया गया। लेडीज क्लब की रून्की अम्बस्ट, ज्योति भोजक, ममता साहू एवं साक्षी केनार ने पौधरोपण कर सहभागिता दी। ईडी एके अम्बस्ट ने कहा कि बिलासपुर क्षेत्र के सभी कार्यालयों में पौधे रोपे जा रहें हैं, पर्यावरण संतुलन व पीढ़ी के सुखद भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधों का संरक्षण भी करें। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता पीवीएस राजकुमार, बीकेसरकार, रूपेन्द्र साहू, सुरेश जाटवर, सूर्यकांत जायसवाल, प्रीती ईरानी साव, सोनल दवे आदि मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर किया गया पौधरोपण

**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर अचानकमार टाइगर रिजर्व के बफर जोन में पौधरोपण किया गया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी, क्षेत्र संचालक, डब्लूडब्लूएफ के वरिष्ठ प्रतिनिधि, एटीआर लोरमी के उप संचालक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। वन्यजीव विशेषज्ञ प्राण चड्डा ने अपनी सुपुत्री स्व. प्रीति चड्डा की स्मृति में अचानकमार टाइगर रिजर्व के समस्त क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को वितरित करने 10 रुपए की नकद राशि प्रदान की। डब्लूडब्लूएफ के प्रतिनिधियों ने मैकल शहद संग्राहक कल्याण समिति बोईरहा के सदस्य एवं वनधन हाट बाजार केन्द्र बोईरहा के सदस्य को सम्मानित किया। अचानकमार टाइगर रिजर्व में एनटीसीए नई दिल्ली के निर्देशानुसार पूरे बफर जोन में एक पेड़ मां के नाम पर शासकीय समुदायों, स्कूल परिसर में दो हजार पौधरोपण किया गया।

### छग हिंदी साहित्य परिषद और बिलासा कला मंच ने मनाई जयंती

**बिलासपुर।** छग हिंदी साहित्य परिषद और बिलासा कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में मुंशी प्रेमचंद की जयंती डॉ सुधाकर बिबे के निवास मनाई गई। मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक एवं अध्यक्षता सतीश जायसवाल ने किया। मुंशी प्रेमचंद के कहानी परीक्षा का पठन डॉ शोभा बिबे व पुष्पा श्रीवास ने किया। डॉ गंगाधर पटेल ने प्रेमचंद के कथेत्तर साहित्य का उल्लेख किया। संगोष्ठी में विशिष्ट वक्ता डॉ अजय पाठक ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद सही मायनों में समकालीन भारतीय समाज की चेतना के आलोक पुरूष थे। प्रमुख अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि प्रेमचंद के कथा साहित्य में जहां आंचलिकता व लोक साहित्य का स्पंदन है। सतीश जायसवाल ने प्रेमचंद के सद्गति कहानी के संदर्भ में भी अपनी बात कही। संगोष्ठी में डॉ विजय सिन्हा, डॉ देवधर महंत और चंद्रप्रकाश बाजपेयी, महेश श्रीवास, सतीश पांडे, विजय तिवारी, बुधराम यादव, केवलकृष्ण पाठक,दिनेश्वर राव जाधव,राजेश सोनार,अमृत पाठक, आरती राय आदि मौजूद थे।





### कबाड़ की तरह पड़ी हैं साइकिलें

**बिलासपुर।** शहर के वीआईपी थाना सिविल लाइन में जब्त की गई साइकिलें व अन्य वाहन कबाड़ की तरह पड़े हुए हैं। इन साइकिलों व वाहनों को एक किनारे में फेंक दिया गया है। इन पर निर्माण सामग्री और कूड़े कचरे भी डाले जा रहे हैं। वाहन मालिकों को सौंपे नहीं जाने के कारण इनके पार्ट्स की भी लगातार चोरी हो रही है।

दुर्ग ले जाने की मजबूरी, बिलासपुर से ट्रेन चलाने की मांग बेअसर

# जबलपुर से नई इंटरसिटी आएगी रायपुर ,धुलाई के लिए जाएगी दुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के रायपुर स्टेशन से एक नई इंटरसिटी एक्सप्रेस की शुरुआत जबलपुर तक कर दी है। इस ट्रेन की शुरुआत जिस स्टेशन से शुरु की गई है, उस स्टेशन में जबलपुर से वापस ट्रेन के लाने के बाद मेंटनेंस करने और रैक खड़े करने के लिए कोचिंग डिपो की ही सुविधा नहीं है। इसके कारण ट्रेन को दुर्ग तक ले जाना मजबूरी होगी। वहीं छात्र युवा रेलवे जोन संघर्ष समिति की इंटरसिटी को रायपुर के बजाय बिलासपुर से चलाने की मांग भी बेअसर साबित हो गई है।

माल लदान से सबसे अधिक राजस्व देने वाले बिलासपुर रेलवे स्टेशन और बिलासपुर रेल मंडल की हमेशा रेलवे बोर्ड ने उपेक्षा की है। रेल बजट में सबसे कम बजट की राशि बिलासपुर जोन को दी जाती है, जिसके बावजूद रेलवे के अफसर मालगाड़ियों के साथ लांग हॉल ट्रेनों को चलाने के लिए यात्री गाड़ियों को रद्द करते हुए अरबों रुपए का राजस्व अर्जित कर रेलवे बोर्ड को देते हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रेल मंत्रालय ने बजट में बिलासपुर जोन को केवल 6000 करोड़ रुपए दिया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में केवल 3 करोड़ रुपए ही अधिक हैं। बजट में प्रतिवर्ष सभी जोनल मुख्यालय के स्टेशनों को नई ट्रेनों की सौगात भी रेल मंत्रालय की ओर से दी जाती है। इस साल रेल मंत्रालय ने जुलाई के अंतिम दिन में एक नई ट्रेन की सौगात छत्तीसगढ़ और बिलासपुर जोन को दी है, जो रायपुर से दुर्ग, गोंदिया होते हुए जबलपुर तक चलाई जाएगी। यह ट्रेन बिलासपुर के बजाय रायपुर स्टेशन से शुरु की गई है, जहां कोचिंग डिपो की कोई भी सुविधा नहीं है। इसके अनुसार जबलपुर से अगर ट्रेन रायपुर पहुंचेगी तो उसे एक घंटे का सफर तय करते हुए दुर्ग स्टेशन ले जाकर मेंटनेंस और सफाई कार्य कराना पड़ेगा, जबकि ट्रेन अगर बिलासपुर स्टेशन से चलाई जाती तो कोचिंग डिपो में मेंटनेंस और सफाई के बाद इसे रायपुर होते हुए जबलपुर के लिए रवाना की जा सकती थी।



#### हरी झंडी के साथ रवाना हो गई ट्रेन

बिलासपुर जोनल स्टेशन से ट्रेन को चलाने की मांग बेअसर हो गई और रविवार 3 अगस्त को रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी कर दिया गया। रायपुर से 11701 नंबर के साथ ट्रेन 14.45 बजे रवाना होकर दुर्ग में 15.22 बजे, राजनांदगांव में 15.48 बजे, डोंगरगढ़ 16.13 बजे, गोंदिया, नैनपुर, मदनमहल होकर जबलपुर 22.45 बजे पहुंचेगी। वहीं 11702 जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस सुबह 6 बजे रवाना होकर रायपुर 13.50 बजे आएगी। ट्रेन में 1 पावर कार, 1 एसएलआरडी, 8 सामान्य श्रेणी, 4 चेयरकार, एक एसी चेयरकार सहित 15 कोच उपलब्ध हैं।

#### बेअसर हुई बिलासपुर से चलाने की मांग

नई ट्रेन रायपुर से जबलपुर इंटरसिटी को चलाने की घोषणा करने के बाद छात्र युवा रेलवे जोन संघर्ष समिति ने रेल मंत्रालय के साथ बिलासपुर के सांसद और जोन मुख्यालय के अधिकारियों सहित ट्रेन को रायपुर के बजाय बिलासपुर से चलाने मांग की थी। लेकिन उनकी मांगों को अनसुना कर दिया गया।

#### उसलापुर से जबलपुर तक 6.55 मिनट में

रायपुर से दुर्ग, गोंदिया होते हुए जबलपुर तक चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के आने-जाने का समय 9-9 घंटे निर्धारित किया गया है। वहीं बिलासपुर से उसलापुर होते हुए जबलपुर तक जाने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 8 घंटे 37 मिनट का और 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक 6.55 मिनट , 20828 संतरागाछी-जबलपुर हमसफर 8 घंटे 5 मिनट, 22910 पुरी-वलसाड़ एक्सप्रेस 7 घंटे का समय ले रही है।

# गौमाता व नंदी के संरक्षण के लिए निकलेगी कांवर यात्रा

**बिलासपुर।** नंदी व गौमाता के सरंक्षण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई व तिफरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले सावन के आख़िरी सोमवार को दोपहर 12 बजे कांवर यात्रा निकलेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व आमजनों की मौजूदगी रहेगी। यात्रा का समापन यदुनंदन नगर स्थित महादेव के मंदिर में महादेव व नंदी में जलाभिषेक के साथ होगा। जलाभिषेक के बाद मंदिर परिसर में कांग्रेसजन गौमाता के संरक्षण व संवर्धन को लेकर शपथ लेंगे।

नेशनल व स्टेट हाईवे के अलावा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर रोजाना गोवंश दुर्घटना के शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं। नेशनल हाईवे की स्थिति और भी भयावह है। भारी वाहनों की चपेट में आकर गोवंशों की मौत हो रही है। दो दिन पहले मोपका में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक के तुरंत गोमाता की पूजा व आरती के बाद सभी कांग्रेसजनों की मौजूदी में गो संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई। अभियान को आगे बढ़ाते हुए विजय केशरवानी ने अब नंदी व गौमाता संरक्षण के लिए कांवर यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। उनके इस निर्णय में तिफरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी भी बराबर की सहभागिता निभाते नजर आ रही है। यही कारण है कि सोमवार को तिफरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले दोपहर 12 बजे से पांच किलोमीटर लंबी कांवर यात्रा निकलेगी।

#### बछेरा तालाब से जल लेकर निकलेंगे

तिफरा स्थित थोक फल व सब्जी मंडी के पीछे गोठान से यात्रा की शुरुआत होगी। गोठान में गौमाता की पूजा अर्चना के साथ यात्रा की शुरुआत होगी। पूजा अर्चना के बाद कांग्रेसजन व आमजन बछेरा तालाब जाएंगे। बछेरा तालाब से जल लेकर हर-हर महादेव की जयघोष के साथ गौमाता व नंदी के संरक्षण का संदेश देते कांवर यात्रा की शुरुआत करेंगे। कांवर यात्रा के लिए तिफरा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने रूट चार्ट जारी कर दिया है। तिफरा मुख्य मार्ग से होते हुए यात्रा यदुनंदन स्थित शिव मंदिर पहुंचेगी। शिव मंदिर व नंदी व महादेव में जलाभिषेक करेंगे। जलाभिषेक के साथ ही नंदी व गौमाता के सरंक्षण के लिए शपथ लेंगे। इसी के साथ संरक्षण का अभियान शुरू हो जाएगा।

# कब-बुलबुल उत्सव एवं हीरक पंख जांच शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव एवं हीरक पंख चतुर्थ चरण जाँच शिविर का शुभारंभ 3 अगस्त को साइंस कॉलेज मैदान, सरकण्डा, बिलासपुर में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। यह चार दिवसीय शिविर 2 अगस्त से 5 अगस्त तक बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है।

इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य के 15 जिलों से 400 चयनित कब-बुलबुल (प्रायमरी स्कूल के बच्चे, बच्चियां) प्रतिभागी एवं 41 प्रभारी अधिकारी भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य बच्चों में सेवा, सहयोग, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण को प्रोत्साहित करना है।

शुभारंभ समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा विधानी, महापौर, नगर निगम बिलासपुर थीं, अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ डॉ. सोमनाथ यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार टंडे, पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, राज्य संगठन आयुक्त विजय यादव उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं स्कार्फ बांधकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर कब बुलबुल का प्रतीक-चिह्न का विमोचन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य का नक्शा, बुलबुल पक्षी, बाघ शावक तथा "कोशिश करो" का प्रेरणादायक संदेश समाहित है। यह लोगो बच्चों के साहस, सेवा, समर्पण और प्रयास की भावना का प्रतीक है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा कि वे स्वयं स्कूली जीवन में बुलबुल रही हैं और आज उस गौरवमयी परंपरा का हिस्सा बनकर गर्व अनुभव कर रही हैं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव की प्रशंसा की। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि बाल्यावस्था में ही सेवा, नेतृत्व और राष्ट्रीय चेतना का भाव विकसित हो, यही स्काउटिंग का उद्देश्य है।




कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

#### शिविर की प्रमुख गतिविधियां

हिरक पंख जाँच के अंतर्गत बच्चों को प्राथमिक उपचार, गांठें, झंडा विधि एवं शिविर शिष्टाचार,देशभक्ति गीत, समूह गायन,सेवा कार्य व अनुशासन,सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं लोकनृत्य,योग, शारीरिक अभ्यास एवं सामूहिक गतिविधियाँ के साथ खेल एवं गतिविधियो में मेंढक कूद, संतुलन दौड़ का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समारोह का संचालन शैलेन्द्र मिश्रा ने किया। कैलाश सोनी ने आभार व्यक्त किया।

# संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने कांग्रेस की बैठक



**बिलासपुर।** प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन के तहत संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने मंडल एवं सेक्टर कमेटी गठन के संबंध में रेलवे ब्लॉक 4 में अति महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ब्लॉक प्रभारी अशोक अग्रवाल एवं वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश शर्मा, कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष नसीम खान, मोती थारवानी, ब्लॉक अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान रेलवे ब्लॉक 4 में 2 मंडल अध्यक्ष पद हेतु सुझाव किया गया। प्रथम में वार्ड क्रमांक 44, 45, 46 से राजा व्यास, द्वितीय में वार्ड क्रमांक 69, 70 से साईं भास्कर को सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष के लिए अनुशंसा की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद इब्राहिम खान अब्दुल, जीतू यादव, सुनील सिंह, बप्पी डे, बंटी सिंह, कमलेश दुबे, अभिलाषं रजक, किरण कश्यप, सैयद इमरान, मकसूद खान, राज बंजारे, साकेश मिश्रा, असीम शाह, शेखर कुमार, जोगेंद्र गोयल, मोहम्मद अयूब, आरके बंजारे, नवीन कुमार, नूतन तिवारी, सोमनाथ तिवारी, शेख तय्यब हुसैन, कैलाश तिवारी, जुग्गा अवस्थी, संजय सोनार, दीवान दास उपस्थिति रहे।

ग्रेटर नोएडा में टेंट व्यावसायियों की चार दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

# एक्सपो मार्ट में 20 हजार से अधिक टेंट व्यवसाइयों ने लिया भाग

**बिलासपुर।** रविवार को इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में चार दिवसीय टेंट व्यवसाइयों के लिए प्रदर्शनी का उद्घघाटन हुआ।

इस अवसर पर ऑल इंडिया टेंट डीलर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के पैट्रन एवं छत्तीसगढ़ टेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह दुआ , राष्ट्रीय अध्यक्ष विपुल सिंघल , महासचिव सरदार करतार सिंह कोचर, शेफ हरपाल सिंह सोखी, संयोजक दीपक मित्तल, सीनियर वाईस चेयरमैन नवीन अग्रवाल , उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार, राजस्थान अध्यक्ष राजकुमार गौतम, हरियाणा से ओमवीर सिंह, पंजाब से दिनेश कटारिया, उड़ीसा से काबुली भाई, वेस्ट बंगाल से गोपाल सरकार उपस्थित थे। प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस प्रदर्शनी में देशभर से 1200 से अधिक निर्माता, थोक विक्रेता, आयात कर्ताओं ने भाग लिया।

एक्सपो मार्ट में चल रही प्रदर्शनी में पहले दिन देशभर से बीस हज़ार से अधिक टेंट व्यवसाइयों ने भाग लिया। संरक्षक अमरजीत सिंह दुआ ने देश के सभी टेंट व्यवसायियों से निवेदन किया कि इस प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए पहुंचे और अपने व्यवसाय में काम आने वाले नए सामान को देख, खरीदारी कर लाभ लें। ऑल इंडिया टेंट डीलर वेलफेयर आर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष विपुल सिंघल ने कहा की प्रदर्शनी में लेटेस्ट कारपेट के डिज़ाइन, अनेको प्रकार के तंदूर, रोटी के चूल्हे, चाय के काउंटर, मॉकटेल काउंटर, टेंट व होटल व्यवसाय में काम आने वाली अनिको प्रकार की वैरायटी यहां एक ही छत के नीचे लगी हुई है।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ टेंट ओनर एसोसिएशन से गुरदीप सिंह अजमानी,इंद्रजीत सिंह इच्छपुरानी , डिंपल सिंह, नरेंद्र सलूजा, तरनजीत सिंह होरा, जसपाल होरा, विनोद कुमार, सुभाष सवअन्नी, प्रवीण भूतड़ा, अभिषेक अग्रवाल, हरीश शर्मा, पारस होरा, करनजीत सिंह दुआ, धर्मू भाई, राजदीप सिंह दुआ, मंजीत सिंह छाबड़ा, गुरमीत सिंह, विक्की एजी टेंट, ऑल इंडिया टेंट डीलर वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के एडवाइजर इंद्र जीत सिंह, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सचिव नरेश रॉबिन्सन आदि उपस्थित थे।



# रेलवे ट्रैक पर हादसे रोकने काम करेंगी तीन विभागों की टीमें

**बिलासपुर।** रेलवे में लगातार हो रही मालगाड़ियों की दुर्घटना के कारण रेल प्रशासन को करोड़ों अरबों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। आगामी दिनों में रेलवे ट्रैक पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए अब तीन विभागों की टीम काम करेगी, जिसमें किसी तरह की दुर्घटना पर तीनों विभाग को ही जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

कुछ माह पहले ही बिलासपुर डिवीजन के खोंगसरा से भनवारटंक के बीच रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी के एक साथ 27 वैगन बेपटरी हो गए थे। इसकी वजह से रेलवे को काफी नुकसान हुआ था। इस मामले की जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है। लगातार हो रही दुर्घटना को अब रेलवे बोर्ड ने गंभीरता से लिया है। रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ियों की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए रेलवे बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। अब मालगाड़ियों की लोडिंग प्रक्रिया पर मैकेनिकल, कामर्शियल और इंजीनियरिंग विभाग की संयुक्त टीम निगरानी और निरीक्षण करेगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्घटना की स्थिति में इन टीमों की जवाबदेही तय होगी। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक अतुल कुमार ने सभी जोन के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक सीसीएम को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने मंडलों में तीन सदस्यीय टीम का गठन करें। इस टीम में मैकेनिकल, कामर्शियल और इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। टीम की जिम्मेदारी होगी कि लोडिंग प्रक्रिया में संतुलन बनाए रखा जाए।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 4 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# छत्तीसगढ़ में कुल कृषि योग्य भूमि, कर्क रेखा और नगरीय निकायों की संख्या पर पूछे गए सवाल

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा रविवार को आयोजित की गई । यह परीक्षा सुबह पाली में प्रात: 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक संपन्न हुई। परीक्षा में कुल दर्ज 17 हजार 115 में से 15 हजार 264 उपस्थित व 1 हजार 851 अनुपस्थित रहे।



प्रयोगशाला परिचारक भर्ती की परीक्षा हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में परीक्षा के लिए कुल 47 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे, जिसमें अभ्यर्थी शामिल हुए, परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिए गए थे, जिसका सख्ती से पालन करवाया गया। सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित थी। अभ्यर्थियों को 10 बजकर 30 मिनट के बाद एग्जाम रुम के भीतर प्रवेश नहीं दिया गया,इस बार कई अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र में देरी से पहुंचे। इस भर्ती के माध्यम से 430 पदों को भरा जाएगा, प्रवेश से पूर्व मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की पूरी जांच की गई।

अभ्यर्थी ने बताया की प्रश्नपत्र मॉडरेट था,विज्ञान विषय के प्रश्नों ने जरूर परेशान किया, ओवरआल प्रश्न पत्र ठीक रहा। प्रश्न पत्र में रायपुर में वैगन रिपेयर शॉप का संचालन कब हुआ,छत्तीसगढ में कुल कृषि योग्य भूमि, कर्क रेखा किस राज्य से गुजरती है,नगरीय निकायों की संख्या सहित कई प्रश्न पूछे गए।

**यह सामग्री रही प्रतिबंधित**

परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे बाली, झुमका, मोबाइल, बेल्ट, जूता, मोजा, हाथ में घड़ी, धागे, किसी भी प्रकार का संचार साधन, स्कॉर्फ, टोपी, चश्मा तथा अन्य कोई भी अनुचित वस्तु पूरी तरह प्रतिबंधित रही।

## डाक महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



डाक संभाग की महिला क्लब ने रविवार को एक निजी होटल में सावन उत्सव का शानदार आयोजन किया। प्रधान डाकघर एवं सभी उपडाकघर की महिलाएं एवं सेवानिवृत सम्मानीय सीनियर्स में रमा शर्मा, अंजना पाठक, आभा तिवारी, प्रतिभा यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सावन सुंदरी का खिताब रश्मि को एवं गिलास दौड़ में प्रथम प्रीति, द्वितीय दीपमाला एवं बलून चूड़ी गेम में दीपमाला प्रथम एवं ज्योति द्वितीय, सूर्या तृतीय स्थान, बोतल दौड़ में प्रथम रेशमा, द्वितीय रोशनी तृतीय रेखा मेनन, हरियाली सुंदरी में किरण यादव विजेता बनी। कार्यक्रम संचालन किरण एवं निवेदिता ने किया। संयोजक सुनीता द्विवेदी, रेशमा मरावी एवं कार्यक्रम को शानदार एवं ऐतिहासिक बनाने में शैली, मनीम, दीपमाला, पल्लवी, शिल्पी, गूंजा, निवेदिता, रेखा, अनिता बेग, रोशनी, प्रीति, रश्मि, ज्योती, चांदनी, सूर्या, गुंजा का विशेष योगदान रहा। खास अवसर पर रेशमा, गूंजा, रोशनी, शिल्पी, एवं शिल्पी ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी।

## काछी समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



कश्यप कुशवाहा काछी समाज की महिलाओं ने रविवार को सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन कश्यप भवन कुदुदंड में किया। मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, अध्यक्षता समाज सेविका डॉ. रश्मिलता मिश्रा, विशिष्ट अतिथि शशी दुबे ने लवकुश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिलाओं ने भजन कीर्तन किया, वहीं विभिन्न प्रकार के गेम खेले गए। चिट से सावन सुंदरी का चयन मुख्य अतिथि ने किया। सावन सुंदरी बनीं पूर्ती कश्यप को क्राउन पहनाने के साथ महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान पार्षद रीता कश्यप, मीना कश्यप, अपर्णा कश्यप, वर्तिका कश्यप, नीतू कश्यप, प्रेमलता कश्यप, प्रभा कश्यप, सोनिया कश्यप, कविता कश्यप, रानी कश्यप, शकुंतला कश्यप, रंजीता कश्यप, सीमा कश्यप, मीरा कश्यप सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का आयोजन गायत्री कश्यप ने एवं सहयोग समाज के अध्यक्ष सहदेव कश्यप ने किया।

## गेम से किया गया सावन क्वीन का चुनाव

चंद्रा विकास समिति के सामुदायिक भवन जबड़ापारा में हरेली मिलन और सावन उत्सव का कार्यक्रम का समापन किया गया। इसमें सावन किंग और सावन क्वीन का चुनाव दिलचस्प गेम में किया गया, जिसमें सावन क्वीन श्रीमती पूर्णिमा चंद्रा और सावन किंग मनीष चंद्रा को चुना गया। सभी महिलाओं ने आनंद और खुशियों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। सभी वर्ग की महिलाओं ने बहुत ही आनंद के साथ ही हरेली एवं सावन से संबंधित अन्य गीत गाए एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती लखेश्वरी, रोशनी, पुष्पलता हेमचंद्रा प्रीति चंद्रा, स्वाती चंद्रा, गीता गंगा, विमला की भूमिका महत्वपूर्ण रही।



## सावन उत्सव में संगीत, नृत्य के साथ मेल-मिलाप

अभिषेक नगर में सखी सहेली महिला मंडल द्वारा रविवार को सावन उत्सव आयोजित हुआ। जिसमें आसपास की कॉलोनियों की महिलाओं ने पारंपरिक श्रृंगार और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मित्रता दिवस के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में अभिषेक नगर, अभिषेक विहार, प्रयाग विहार, गिरधर विहार सहित कई क्षेत्रों की महिलाओं ने भाग लिया। सभी ने पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार में सजकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सावन सुंदरी प्रतियोगिता,और संगीत, नृत्य व मेल-मिलाप जैसे कार्यक्रमों ने उत्सव को और भी जीवंत बना दिया।



## कुर्मी क्षत्रिय समाज के सावन उत्सव में हुए रोचक खेल



कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच की महिलाओं ने सावन उत्सव मनाया, इस मौके पर महिलाएं हरे रंग के परिधान में पहुंचे। महिलाओं ने कई गेम भी खेले जिस पर प्रथम व द्वितीय ईनाम भी बांटे गए। महिलाओं ने बताया की हरियाली के मौसम में यह कार्यक्रम में और भी उत्साह रहता है। इस अवसर पर गायत्री कश्यप सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## रंगारंग कार्यक्रम, भजन कीर्तन के साथ महोत्सव



गांधी चौक फजल वाड़ा के ठाकुर देव मंदिर में मोहल्ले की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव मनाया गया। जिसमें रंगारंग कार्यक्रम भजन कीर्तन नाच गाने और भी बहुत सारे मनोरंजन कार्यक्रम किए गए। जिसमें शशि तिवारी, कुंदन, शशि, दीप्ति ज्योति, लक्ष्मी रजनी, बिना मंजू, गंगा, कौशल्या, द्रौपदीरंजन आरती मंजू शामिल थे।

कार्नर न्यूज

# फ्रेंडशिप डे का किया सेलिब्रेशन युवाओं ने मनाया जश्न

बिलासपुर। संडे के मस्तीभरे माहौल में फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेशन हर यूथ की जुबां पर सिर चढ़कर बोल रहा था। आसपास के तमाम पर्यटन स्थल और रेस्टॉरेंट्स यूथ के धमाल और डांस से गूंज रहे थे। रविवार को फ्रेंडशिप डे के मौके पर युवाओं ने खूब एंजॉय किया। पार्टी में सिर्फ युवाओं ने धमाचौकड़ी की बल्कि बच्चों ने भी अपने अंदाज में पार्टी को एंजॉय किया। लोगों ने अपने दोस्तोंत को शुभकामनाएं दीं, जो लोग अपने दोस्तोंल से दूर रहे वो दोस्तों के साथ बिताए पलों को याद करके तरोताजा हो गए।खासकर युवावर्ग ने इस दिन को मिलकर इंजाय किया। फ्रेंडशिप-डे पर दोस्ती के दिन का जश्न मनाने के लिए शहर के रेस्टारेंट से लेकर गिफ्ट गैलरियों में भीड़ लगी रही। लोगों ने अपने दोस्तों को इस अटूट बंधन में बंधे रहने के लिए फ्रेंडशिप बैंड से लेकर अलग-अलग तरह के गिफ्ट दिए। वहीं कई युवाओं की टोली शहर के बाहर पिकनिक स्पॉटों पर रहकर एक साथ रहने की दुआएं करते रहे। युवाओं ने आगे आकर दोस्ती के इस पर्व पर अपने दोस्तों को जताने के लिए उनके हाथों मे फ्रेंडशिप बेंड बांधे तो कइयों ने उन्हें अपनी ओर से खरीदे गए गिफ्टों से नवाजा।





**सोशल साइट में पूरे दिन मिलती रहीं बधाइयां**

फेसबुक और वाट्सअप जैसे सोशल नेटवर्किंग साइट्स में पूरे ही दिन लोग एक दूसरे को फ्रेंडशिप डे पर बधाइयां देते रहे। नौकरी या अन्य कारणों से दूर जा बसे दोस्तों ने एक दूसरे को बधाइयां देकर अपने दिलों को तसल्ली दी।



सेमिनार

## ई समन पोर्टल से मेनपावर व समय की बचत, गलती की संभावना नहीं



बिलासपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं वेंसेस्लास टोप्पो द्वारा 7 वें डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशंस जज द्वारा ई समन मोबाइल एप की जानकारी दी गई। पुलिस लाइन स्थित बिलासागुड़ी में एनआईसी द्वारा विकसित ई समन मोबाइल एप के संबंध में समस्त जिले के थाना प्रभारी एवं थाने में समंस,वारंट कार्यरत कर्मचारी, थानों से कोर्ट आरक्षक एवं न्यायालय में कार्यरत समस्त कोर्ट मोहर्रिर को उक्त मोबाइल एप के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। एसपी द्वारा बेसिक पुलिसिंग के साथ- साथ वर्तमान परिदृश्य में साइबर, ऑनलाइन अपराध और रोकथाम, ई साक्ष्य, ई चालान, ई समन जैसे ऑनलाइन दस्तावेजीकरण कार्यवाही में शामिल करने निर्देश दिए। ई समन मोबाइल एप के माध्यम से मैनपावर और समय की बचत के साथ गलती की संभावना नहीं और तामीली की संभावना अधिक होगी। थाना चौकी प्रभारी, थाना के कोर्ट मोहर्रिर और न्यायालय में कार्यरत कोर्ट मोहर्रिर की उपस्थिति में सभी को ई-समन के लिए ऑनलाइन समन जारी होने से तामील कर तामीली सूचना कैसे दी जाए की जानकारी न्यायालय से वेंसेस्लास टोप्पो डिस्ट्रिक्ट एंड एडिशनल सेशंस जज के द्वारा दी गई।

आयोजन

## सेजेस महाविद्यालय में पौधरोपण सुरक्षा का लिया संकल्प



बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम का आयोजन करते हुए पौधरोपण किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी, प्राध्यापक एलके गवेल के संयोजन में, प्राचार्य डॉ.यूके श्रीवास्तव और प्राध्यापक, खेल अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के उद्यान में आम,अमरुद और कटहल के पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। शासन के वन विभाग और पर्यावरण संरक्षण कार्य के लिए समर्पित श्रीमती ज्योति अग्रवाल द्वारा प्रदान किए गए पौधों का वितरण भी प्राचार्य ने करते हुए कहा कि इसे अपने निवास के आंगन, लॉन, बाड़ी में रोपित कर इनका संरक्षण करें, ताकि हम अपनी सुन्दर धरती को बचा सकें। वरिष्ठ प्राध्यापक डा.राजकुमार सचदेव ने एनएसएस के प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से सभी को उत्साहित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, खेल अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

जागरूकता

## अपोलो सिटी सेंटर में कैंसर अवेयरनेस पर कार्यक्रम



बिलासपुर। अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था लायंस क्लब, स्माइल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कैंसर अवेयरनेस पर कार्यक्रम अपोलो सिटी सेंटर में किया गया, जिसमें क्लब के समस्त सदस्यों की उपस्थिति थी। शहर की करीब 80 महिलाओं ने इसमें रजिस्ट्रेशन कराकर शिविर में लाभ लिया। डॉक्टर सोफिया सुल्तान ने कैंसर के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर मंदार गोकते ने जनरल फिजिशियन में लोगों की रक्त जांच ब्लड प्रेशर बीपी शुगर विभिन्न निशुल्क जांच की सुविधा इस संस्था के द्वारा कराई। कैंसर एक्सपर्ट डॉ सोफिया सुलताना ने महिलाओं ने ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूक किया कि इसकी पहचान कैसे, कब करने के अलावा कब-कब इसकी जांच करना है। महिलाओं के साथ पुरुषों में भी ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना रहती है, जिसका समय रहते पता लगा लेना चाहिए। इस प्रकार विभिन्न बातें कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव डॉक्टर सुरभि राजगीर, कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू, कामिनी स्वर्णकार, रेणुका स्वर्णकार आदि का सहयोग रहा।

कार्यक्रम

## सेजेस महाविद्यालय ने मनाई तुलसीदास व प्रेमचंद की जयंती



बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में श्रावण शुक्ल सप्तमी को महान कवि गोस्वामी तुलसीदास और कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती हिन्दी विभाग के संयोजन में मनाई गई। प्राचार्य, प्राध्यापकों ने दोनों साहित्यकारों और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण बाद तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं विधि सोनी, नीति, हिमांशी साहू, रागिनी ने दोनों साहित्यकारों की रचनाओं और व्यक्तित्व पर विचार प्रस्तुत किए। प्रोफेसर बृजकिशोर त्रिपाठी ने प्रेमचंद की कहानियों मंत्र और नमक का दरोगा के माध्यम से मानवीय मूल्यों के विकास पर प्रकाश डाला। हिन्दी विभाग प्रमुख डा.राजकुमार सचदेव ने गोस्वामी तुलसीदास की रामचरित मानस में श्रीराम और अन्य पात्र के माध्यम से व्यक्त मानवीय जीवन को बेहतर करने वाले गुणों को अपनाने का आग्रह किया। प्राचार्य प्रो.यूके श्रीवास्तव ने सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. कृतिका साहू डॉ.प्रकाश त्रिपाठी, डॉ.रामेशवरी बंजारा, एलके गवेल, ज्योति यादव, डॉ.श्वेता श्रीवास, सिद्धांत शर्मा, डॉ.अविनाश सिंग, जीआर सलाम, राजेश कुमार राज, ऋषि अग्रवाल एवं अन्य विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप

### वैदिक कॉलेज में नए छात्रों के लिए स्वागत समारोह आज

सीपत। वैदिक महाविद्यालय सीपत में सोमवार को सुबह 11 बजे प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन की एक नई शुरुआत को समर्पित होगा, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के चेयरमेन द्वारिकेश पांडेय करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी उपस्थिति रहेंगे। मंच पर महाविद्यालय के सचिव अशोक श्रीवास एवं प्राचार्य सीआर कैवर्त भी उपस्थित रहेंगे।

### बेलपान से केकती तक कांवड़ यात्रा 4 को

**तखतपुर**। नमर्दा धाम बेलपान से शिव मंदिर ग्राम केकती तक कांवड़ यात्रा का आयोजन 4 अगस्त को सुबह 9 बजे बेलपान में किया गया है। इस आयोजन के आयोजक सरपंच केकती शैलेंद्र सिंह क्षत्री हैं।

### नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी लक्ष्मीकांत ने ग्रहण किया पदभार



**मुंगेली**। जनपद पंचायत मुंगेली में नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में लक्ष्मीकांत कौशिक ने पदभार ग्रहण कर काम-काज शुरू किया। पूर्व में वे जिला पंचायत में एपीओ के पद पर कार्य कर चुके हैं। श्री कौशिक ने बताया कि वे शासन की फ्लेगशिप योजनाओं को ध्यान में रखकर आवास योजना पर ध्यान दे रहे हैं, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर पंचायतों का दौरा कर रहे हैं। सुशासन के तहत मिले आवेदनों को प्राथमिकता में रख कर कार्य किया जा रहा है।

### वृक्षों को रक्षासूत्र बांधकर मनाया मित्रता दिवस



**लोरमी**। नगर के मुक्तिधाम सेवा समिति ने वृक्षों पर रक्षा सूत्र बांध कर उनकी सुरक्षा का सकंल्प लिया। नगर के मुक्तिधाम की साफ-सफाई कर यहां हरियाली लाने का संकल्प लेकर वृक्षों को विकसित किया गया है। विगत 9 साल से हर रविवार को समिति के सदस्यों द्वारा साफ-सफाई कर पौधों के रखरखाव की समुचित व्यवस्था की जाती है। यहां रोपति लगभग 200 पौधे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं। समिति के द्वारा हर साल फ्रेंडशिप डे पर अपने लगाए पौधों पर रक्षासूत्र बांध कर उसकी सुरक्षा का प्रण लिया जाता है। इसी क्रम में यहां रोपित सभी पौधों पर रक्षा सूत्र बांधकर समिति के सदस्यों ने मित्रता दिवस मनाया।इस दौरान संयोजक शरद कुमार डड़सेना, पवन अग्रवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, यतींद्र खत्री, अमित गुप्ता, भूपेंद्र ठाकुर, अंकित मौर्य, परमेश्वर वैष्णव, अमित साकत, दिनेश जायसवाल, दिव्यांश डड़सेना, नंदलाल खत्री, महेश यादव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### जवाहर नवोदय में आवेदन 13 तक

**मुंगेली**। जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु के माध्यम से आनलाईन आवेदन 13 अगस्त तक किया जा सकता है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा की तिथि 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार निर्धारित किया गया है।

## निधन

### बलदाऊ शर्मा



**बिलासपुर**। इमलीपारा निवासी बलदेव प्रसाद शर्मा (धरमपुरा वाले) का रविवार 3 अगस्त को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वह विजय शर्मा, अजय शर्मा एवं संजय शर्मा के पिता थे।

### संजय घोरे



**बिलासपुर**। दयालबंद दुर्गा मंदिर के पास निवासी संजय घोरे का 55 वर्ष की आयु में रायपुर के हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार 4 अगस्त को मधुबन श्मशान घाट में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे अजय घोरे, विजय घोरे के भाई एवं आदित्य, आर्यन, अमन व अंश घोरे के पिता थे।

### संतोष ध्रुव



**तखतपुर**। ग्राम पड़रिया निवासी संतोष ध्रुव का 30 वर्ष की आयु में शनिवार 2 जुलाई को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पड़रिया में किया गया। जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### अलखराम साहू



**बिलासपुर**। कबीरधाम जिले के ग्राम तोरला निवासी अलखराम साहू का 3 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम तोरला में किया गया। वे हरदीप. मेलन. घनश्याम. इंद्रपाल साहू के पिता थे।

### भागा बाई यादव



**खजुरी नवागांव**। निवासी भागा बाई यादव का 102 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेश, सदानंद ,रमेश, सोनू, नंदू एवं भोला यादव की दादी थी।

## 2265 में से 2247 आवेदनों का किया गया निराकरण

# सीएम के दौरे का असर, आमगोहन शिविर में समस्याओं का त्वरित निदान

**ग्रामीणों को मिली राहत, विभिन्न योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा

राज्य सरकार के निर्देश पर शनिवार को कोटा ब्लॉक के आमगोहन में एक दिवसीय निराकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उसी स्थल पर आयोजित किया गया, जहां विगत 19 मई को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के दौरान दौरा कर समाधान शिविर में आम जनता से संवाद किया था। यहां मिले 2265 आवेदनों में से 2247 का निराकरण कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन सौंपे थे। इन आवेदनों के समाधान के लिए यह निराकरण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें राजस्व, पंचायत, बिजली, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, समाज कल्याण, और ग्रामीण विकास जैसे विभागों के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की। शिविर में जिला पंचायत सदस्य निरंजन पैंकरा, जनपद सदस्य कांति मरावी, जनपद सदस्य परमेश्वर खुसरो, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, जनपद सीईओ युवराज सिंहा सहित, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। सीईओ ने सभी को नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई। सुशासन तिहार के अंतर्गत आमगोहन में आयोजित समाधान शिविर में मांग और शिकायत से सम्बंधित 2265 आवेदन मिले थे। जिनमें से 27 शिकायत और 2238 मांग थी। इन आवेदनों में से 2247 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। शेष 18 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं जिनका निराकरण जल्द कर जाएगा। जिला पंचायत सदस्य निरंजन पैकरा ने कहा यह शिविर साबित करता है कि सुशासन अब केवल नारा नहीं, एक सच्चाई बन चुका है। मुख्यमंत्री जी के दौरे के बाद शासन ने जो तत्परता दिखाई है, उससे जनता में भरोसा बढ़ा है।



शिविर में हितग्राहियों को लाभान्वित करते अफसर।

### योजनाओं से किया गया लाभान्वित

शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से मौके पर ही लाभान्वित किया गया। आयुष्मान वय वंदन कार्ड राम गुलाम, इंदिरा बाई, और प्रमिला कश्यप को दिया गया। 46 स्व सहायता समूहों को 83 लाख का क्रेडिट लिंकेज वितरण का चेक, 50 स्व सहायता समूह की महिलाओं को सामुदायिक निवेश वितरण के लिए 30 लाख का चेक दिया गया। इसके अलावा मछली जाल, राशन कार्ड का भी वितरण किया गया।

**हर नागरिक को मिले समाधान: अग्रवाल-** शिविर को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के दौरे के दौरान प्राप्त प्रत्येक आवेदन की मॉनिटरिंग की जा रही है। हमारी कोशिश है कि हर नागरिक को समय पर और न्यायपूर्ण समाधान मिले। आज के शिविर में जिस तत्परता से विभागों ने काम किया है, वह प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर भी तेजी से अमल किया जा रहा है। 46 लाख की लागत से सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया है भवन के लिए जमीन चिन्हांकित कर ली गई है। बेलगहना में महाविद्यालय के लिए भी जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है। विद्युत सब स्टेशन के लिए विद्युत विभाग द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि खोंगसरा कलस्टर में 905 पीएम जनमन आवास स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा 2469 प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत किया गया है।

# भालू के हमले में ग्रामीण घायल, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

**खास**
- मशरूम एकत्रित करने गया था ग्रामीण

सुदूर वनक्षेत्र के ग्राम भूतकछार जंगल में मशरूम एकत्रित करने गए ग्रामीण पर जंगली भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। वन विभाग ने ग्रामीण को इलाज के लिए 50 बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराकर तत्कालिक सहायता राशि प्रदान की हैं।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खुड़िया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूतकछार के वनक्षेत्र कक्ष क्रमांक 485 में सम्भर सिंह 50 वर्ष पिता चाम सिंह प्रधान सुबह 7 बजे अन्य ग्रामीणों के साथ मशरूम एकत्रित करने गया था। इसी दौरान अचानक पीछे से एक जंगली भालू ने हमला कर दिया, जिसमें सम्भर सिंह को सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आईं एवं वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन वविभाग के रेंजर रुद्र कुमार राठौर ने तत्काल घटना स्थल पहुंच कर घायल को 108 की मदद से लोरमी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिकी उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।



### दी जाएगी सहायता राशि

ग्रामीणों की सूचना पर घायल को तत्काल 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया एवं तात्कालिक सहायता राशि परिजन को प्रदान की गई।

**- रुद्र कुमार राठौर,** खुड़िया वनपरिक्षेत्र अधिकारी



## कूर्मि चेतना मंच महिला प्रकोष्ठ ने मनाया सावनोत्सव

**सेमरताल**। छत्तीसगढ कूर्मि क्षत्रिय चेतना मंच महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सावन उत्सव कार्यक्रम शनिवार 2 अगस्त को चन्द्रा भवन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शकुन्तला पाटनवार, वरिष्ठ सलाहकार शकुंतला कौशिक, नूरिता कौशिक व वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ शारदा कश्यप ने महाकालेश्वर शिव की पूजा-अर्चना कर प्रारंभ किया। इस दौरान भजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें तखतपुर से सरिता कौशिक पहले, नवोदिता पाटनवार दूसरे व ओमिषा वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह नृत्य कार्यक्रम में दुर्गेशन न्दिनी प्रथम, शकुंतला पाटनवार द्वितीय व सुरेखा चन्द्राकर ने तृतीय प्रप्त किया। साथ ही सावन सुन्दरी का खिताब लक्ष्मी कौशिक को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने डॉ शारदा कश्यप, सुमन राजेंद्र कौशिक व समस्त पदाधिकारियों का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रीति पाटनवार व रितु कुम्भज ने किया एवं फोटोग्राफी गायत्री कौशिक ने किया। इस अवसर पर डॉ शारदा कश्यप, सुमन कौशिक, नूरिता कौशिक, ओमिषा वर्मा, आशा कश्यप, प्रीति पाटनवार, रितु कुम्भज, माया कौशिक, मीना कश्यप, शकुन्तला पाटनवार, शकुन्तला कौशिक, मधु कश्यप, नवोदिता पाटनवार, शीला पाटनवार, गायत्री कौशिक, सुरेखा चन्द्राकर, अन्नपुर्णा कश्यप, माधुरी पाटनवार, रंजना कौशिक, छाया कश्यप, मधु वर्मा, नमिता वर्मा, माला चन्द्राकर, भारती कश्यप, डॉ प्रगति कौशिक, डॉ अंकिता चन्द्राकर आदि उपस्थित रहीं।



## देवांगन समाज ने मुक्तिधाम में किया पौधरोपण

**तखतपुर**। देवांगन समाज तखतपुर की ओर से स्थानीय देवांगन समाज मुक्तिधाम में शीशम व नीम का पौधों का रोपण किया गया। समाज के अध्यक्ष शिव देवांगन ने कहा कि पौधे लगाने से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है एवं भविष्य में छाया मिलती है। कार्यक्रम में शिव देवांगन, रामाधार नानू देवांगन, बिहारी देवांगन, राजू देवांगन, कांत देवांगन, शेखर देवांगन, बजरंग देवांगन, रवि देवांगन, सुरेश देवांगन, यशपाल देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, मुकेश देवांगन, शत्रुहन देवांगन, सनी देवांगन, योगेश देवांगन, हितेश देवांगन, अमन देवांगन, साकेत देवांगन, रिंकू देवांगन, नितेश देवांगन, सचिन देवांगन सहित समाज से अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान का चौथा चरण पूर्ण

**मुंगेली**। 'स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी' ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली अभियान के चौथे चरण को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस दौरान संस्था ने लोरमी मार्ग एवं बीआर साव स्कूल परिसर में नीम, पीपल, कदम, बादाम और मौलश्री सहित कुल 11 पौधों का रोपण किया तथा उन्हें ट्री गार्ड से सुरक्षित भी किया गया।

मित्रता दिवस पर पूर्व में लगाए गए वृक्षों को फ्रेंडशिप बेल्ट बांधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया, और यह संदेश दिया गया कि सच्चे मित्र वे होते हैं जो निस्वार्थ भाव से जीवनदायिनी ऊर्जा प्रदान करते हैं। संस्था के कोषाध्यक्ष और चौथे चरण के अभियान प्रभारी धनराज परिहार ने कहा वृक्ष न केवल प्राण वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जीवन चक्र को संतुलित बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर अभियान के सह प्रभारी सतपाल मक्कड़ ने भावुक अपील करते हुए कि, कहा अब वक्त है कर्ज नहीं, फर्ज निभाने का। प्रकृति ने हमें जीवन भर सब कुछ दिया, अब हमारा दायित्व है कि हम उसे कुछ लौटाएं। इस अवसर पर स्टार्स ऑफ टुमॉरो के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, सतपाल मक्कड़, दिनेश गोयल, गोखलेश सिंह, देवशंकर श्रीवास्तव, देवेंद्र परिहार, आशीष सोनी, दीपक जैन, अनुराग सिंह, सूरज मंगलानी, रणवीर सिंह, मुकेश पांडेय, राहुल साहू, गिरीश सुथार, नागेश साहू, सुनील वाधवानी, पप्पू शर्मा, रघुराज सिंह, धीरज जैन, अंकित सिंह, राहुल मल्लाह, पवन यादव, अजय चंद्राकर, संदीप सिंह, वैभव ताम्रकार, देवेंद्र सिंह, वासु पांडेय, चित्रकान्त सिंह, रवि साहू, श्रीओम सिंह, अमित साहू, परमेश्वर देवांगन, संतोष जांगड़े, सुरेश यादव, सुमित उपाध्याय नगर के पर्यावरण प्रेमी अरविंद रूपवानी, धनेश्वर साहू, विजेंद्र मानिकपुरी, सोमेश नंदवानी, प्रद्युम सिंह, प्रियांक गुप्ता, आदर्श गुप्ता, दिव्यांश जैन सहित संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते युवा।

## प्रयोगशाला परिचालक के लिए 2 हजार 242 परीक्षार्थियों ने दिलाई परीक्षा, 292 अनुपस्थित

**मुंगेली**। व्यापम की ओर से प्रयोगशाला परिचालक चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा में जिले के 7 केन्द्रों में 2 हजार 242 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई, जबकि 292 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिले के 7 केंद्रों डॉ जेपी मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय एसएनजी महाविद्यालय, बीआरसाव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही, जेसीज पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाउपारा एवं रेम्बो मेमोरियल इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल में परीक्षा का आयोजन किया गया। इनमें 2 हजार 534 परीक्षार्थी का आवेदन था, जिनमें से 2 हजार 242 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 292 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र डॉ जेपी मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय 360 परीक्षार्थियों को परीक्षा दिलाना था जिसमें 319 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 41 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय एसएनजी महाविद्यालय में 360 परीक्षार्थियों में से 321 उपस्थित एवं 39 अनुपस्थित रहे। इसी तरह बीआरसाव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 480 में से 431 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 49 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही में 300 में से 271 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 29 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जेसीज पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 360 परीक्षार्थियों में से 313 उपस्थित एवं 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाउपारा में 420 परीक्षार्थियों में से 367 उपस्थित एवं 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। रेम्बो मेमोरियल इंग्लिश मीडियम हायर सेकण्डरी स्कूल में 254 परीक्षार्थियों में से 220 उपस्थित एवं 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों ने बताया कि विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे, जिसमें विज्ञान के प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को उलझाए रखा।



परीक्षा केन्द्र के बाहर परीक्षार्थी।

## भाजपा गोड़खाम्ही मंडल की बैठक

**लोरमी**। भाजपा की ओर से ग्राम बोड़तराकला में गोड़खाम्ही मडंल स्तरीय बैठक आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक मतदान केंद्र तक भाजपा की योजनाओं को पहुचांने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य वक्ता जिला भाजपा महामंत्री गुरमित सलूजा ने कहा कि भाजपा ने मोदी की गारंटी के रूप में जिन योजनाओं की घोषणा की थी, डबल इंजन की सरकार उसका शत प्रतिशत पालन कर रही है। अधिवक्ता रवि शर्मा ने कहा कि संगठन विस्तार कर प्रत्येक मतदान केंद्र में पार्टी संगठन की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। बैठक में स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष लेखराज सिंह ने प्रस्तुत किया एवं संचालन महामंत्री जीवन साहू ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से ठा विक्रम सिंह, रामेश्वर बंजारे, जवाहर दिवाकर, मदन चंद्राकर, मुरारी सोनकर, रेखा साहू, शकुंतला खांणडे, सुहुम, मनोज केसरवानी, डीहा राम साहू, गोपाल लहरे, तामेश्वर साहू, राधेश्याम धर्मेंद्र बघेल, केशव यादव, विजय, लक्ष्मी, नारायण, तुलसी काठले, मनोज कुर्रे, रमेश पटेल, अशोक मोहारे, सचिन कश्यप, कोमल साहू, शम्मी कपूर, गुलाब राय, संजय यादव, रोहित, लक्ष्मी आदि मौजूद थे।



## मल्हार नगर के साहित्यकार दिनेश व राजेश सम्मानित

**मल्हार**। पंडित अमृतलाल दुबे जन्म शताब्दी एवं सम्मान समारोह संस्कार भवन बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि शशांक शर्मा अध्यक्ष साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ रायपुर, समारोह भूषण न्यायमूर्ति चंद्रभूषण बाजपेई, डॉ विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग, राघवेंद्र दुबे संयोजक आयोजन समिति, विवेक तिवारी अध्यक्ष पर्यावरण एवं पर्यटन समिति बिलासपुर के कर कमलों से मल्हार निवासी रतनपुर के वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षक दिनेश पांडेय तथा नगर के युवा लेखक राजेश पांडेय को साहित्य साधना सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। इन्हें सम्मान स्वरूप शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र से नवाजा गया। ज्ञात हो कि दिनेश व राजेश पांडेय पिछले कई वर्षों से साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं, जिनके लिए इनका चयन किया गया। इन्हें पिछले कई वर्षों में अनेकों पुरस्कार मिल चुके हैं।

## इंदिरा गांधी विवि में पर्यटक सुविधाकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला

**पेंड्रा**। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के पर्यटन प्रबंधन विभाग की ओर से जिले की पर्यटन समितियों के लिए आयोजित 12 दिवसीय पर्यटक सुविधाकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न होने पर विवि के सभागार में शनिवार को समापन समारोह आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यशाला स्थानीय युवाओं को पर्यटन क्षेत्र में सशक्त बनाने और जीपीएम जिले को सांस्कृतिक व प्राकृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ठोस पहल साबित हुई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला स्तरीय पर्यटन समिति के सदस्य अखिलेश नामदेव थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण निश्चित रूप से जिले के उभरते पर्यटन स्थलों के लिए फायदेमंद होगा। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में जिले में पर्यटन को उद्योग के रूप में विकसित किया जा रहा है, और यह प्रशिक्षण उसी दिशा में एक सार्थक कदम है। श्री नामदेव ने विश्वविद्यालय की ओर से दी गई गाइड और मेहमान-नवाजी संबंधी प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थानीय लोगों को रोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा। जिला मिशन प्रबंधक दुर्गा शंकर सोनी ने कहा कि अमरकंटक विश्वविद्यालय की यह पहल दूरदर्शी है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन पर्यटन को स्थानीय विकास का माध्यम बना रहा है। कार्यक्रम के दौरान पर्यटन प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार सिंह ने प्रशिक्षण से जुड़ी चुनौतियों और अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि जिले के प्रतिभागी सीमित शैक्षणिक पृष्ठभूमि से थे, फिर भी उन्होंने जिस जज्बे और समर्पण से प्रशिक्षण लिया वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में आईटी ट्रैकिंग, व्यवहार कौशल, सांस्कृतिक प्रस्तुतीकरण, गाइडिंग, आपदा प्रबंधन और स्थानीय उत्पादों के प्रचार जैसे विषयों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण के प्रारंभिक 6 दिन आवासीय प्रशिक्षण के रूप में आयोजित किए गए, जबकि शेष 6 दिन फील्ड प्रशिक्षण के रूप में संपन्न हुए। डॉ रोहित रवींद्र बोरलिकर ने पर्यटन के विविध पहलुओं पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय पर्यटन विकास के लिए सांस्कृतिक विरासत की प्रस्तुति और स्थानीय सहभागिता अनिवार्य है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कहा कि उन्हें इस प्रशिक्षण से बहुत कुछ सीखने को मिला, जिसे वे अपने क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। विश्वविद्यालय के टूरिज्म विभाग ने सभी अतिथियों का स्वागत शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम में डॉ जयप्रकाश नारायण, डॉ केशव सिंह राठौर, डॉ अनिल कुमार टम्टा, विभाग के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यशाला में शामिल अतिथि।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर, (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202405072400343/ब-121/2023-24
ग्राम पंचायत सेंदरी, तहसील व जिला बिलासपुर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वृन्दावन बिल्डकॉन द्वारा भागीदार सुशील पटेरिया पिता स्व. विश्वनाथ पटेरिया, निवासी एच-2/50, नर्मदा नगर, बिलासपुर, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर ने ग्राम सेंदरी, प.ह.न. 46 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 15004 (1431/2, 1431/3, 1431/4, 1431/5, 1431/6, 1431/7, 1432/1, 1432/3, 1433/1, 1433/2, 1433/3, 1434, 1435/1, 1435/2, 1436/3, 1637/2, 1638, 1639, 1640/1, 1640/2, 1640/3, 1649, 1650, 1651, 1652/1, 1652/2, 1652/3, 1652/4, 1653/1, 1653/2, 1654, 1655, 1656, 1659, 1660, 1661 कुल रकबा योग 3.090 हे. भूमि पर आवासीय कॉलोनी का विकास कार्य किया जा रहा है, जिसमें निम्न आय वर्ग हेतु भू-खण्ड क्रमांक एल.आई.जी. 01 से एल.आई.जी. 36. कुल भू-खण्ड 36 भूखण्ड, रकबा 20637 वर्गफीट भूमि को आरक्षित किया गया है, जिसके विक्रय हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में इच्छुक व्यक्ति ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 06 माह के भीतर आवेदक से संपर्क कर क्रय कर सकते हैं।

आज दिनांक 01/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिलासपुर(छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार क्रेता किशन साहू पिता तातू राम साहू निवासी 17, साई विहार, यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी श्रीमती जुली कुमारी पति श्री समीर कुमार सिंह निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी खम्हारडीह रायपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर दर्ज भूमि मौजा तिफरा प.ह.न. 27 रा.नि.म. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा न. 181/29 रकबा 1650 वर्गफूट भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर दिया है। निकट भविष्य में उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन किया जाना है।

उक्त भूमि के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय / अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो आम सुचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में समस्त दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है तथा इसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने
दिनांक 02/08/2025 स्थान - बिलासपुर
भवदीय
अभिजित सरकार अधिवक्ता
निखिल आश्रम बहतराई बिलासपुर (छ.ग.)
मो.9300321180, 7247502170

## खबर संक्षेप

### मेडिकल टीम ने किया कावड़ियों का स्वागत



**लोरमी।** लोरमी मेडिकल टीम ने अमरकंटक से कवर्धा जाने वाले शिवभक्त कावड़ियों का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। मेडिकल टीम ने कावड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए भव्य स्वागत किया गया तथा इस पुनीत कार्य के लिए उनके समर्पण एवं भक्ति की सराहना की। इस अवसर पर मेडिकल टीम लोरमी के ब्लॉक अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, अविश यादव, मुकेश कश्यप, राजेंद्र साहू, सुमित तिवारी, अभिषेक तिवारी, जीवन साहू आदि उपस्थित थे।

### कन्या शाला में छात्राओं को गणवेश का वितरण



**लोरमी।** नगर की शासकीय कन्या शाला में पालक बैठक एवं गणवेश वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चों की मानसिक विकास, कम समय में अच्छा तैयारी करने, बच्चों पर ज्यादा दबाव न बनाने एवं बोर्ड परीक्षा के प्रति ईमानदारी एवं सजगता दिखाने के साथ क्षेत्र में हो रही आपराधिक घटनाओं की जानकारी दी गई। दुर्गेश श्रीवास ने बच्चों को गणवेश वितरण किया। इस अवसर पर प्राचार्य शरद उपाध्याय, हॉस्टल अधीक्षिका रूबीना बानो, प्रधान पाठक संध्या चतुर्वेदी, शिक्षक अमित गुप्ता एवं पालक उपस्थित रहे।

### सावन सुंदरी उत्सव में शामिल हुईं महिलाएं



**करगीरोड कोटा।** बेलगहना रोड स्थित फौजी ढाबा 'सावन सुंदरी उत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में मनीषा चतुर्वेदी को 'सावन सुंदरी' के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नव निर्वाचित अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू उपस्थित रहीं।इस अवसर पर ममता दीक्षित, मनोरमा दीक्षित, सरोज तिवारी, गीतिका तिवारी, स्वाति तिवारी, रंजिता जोगी, सारिका जोगी, सुशीला तिवारी, मनीषा द्विवेदी, भगवती गुप्ता, मीना चतुर्वेदी, शारदा चौहान एवं ऐश्वर्या सोनी, समेत अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। व्यंजन स्पर्धा में प्रथम मनीषा द्विवेदी, द्वितीय ममता दीक्षित, मनोरमा दीक्षित एवं तृतीय स्थान रितु गुप्ता ने प्राप्त किया।

### कोटा के विकास को सीएम ने किया सम्मानित



**करगीरोड कोटा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्राथमिक सदस्यता महाभियान 2024 के अंतर्गत कोटा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता विकास सिंह ठाकुर को उल्लेखनीय योगदान देने हेतु राजधानी रायपुर में सम्मानित किया गया। विकास सिंह ने इस अभियान के दौरान 3 हजार 32 लोगों को पार्टी से जोड़कर लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति की, जो संगठनात्मक रूप से एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।भाजपा का लक्ष्य इस अभियान के तहत 10 करोड़ से अधिक सदस्य जोड़ने का है। इसी क्रम में कोटा विधानसभा क्षेत्र से विकास सिंह ठाकुर ने प्रथम लक्ष्य पूर्ण कर प्रदेश में विशिष्ट स्थान अर्जित किया है।

### लर्न गीता पंचवर्ष पूर्ति महोत्सव का आयोजन



**बिल्हा।** गीता परिवार द्वारा संचालित लर्न गीता कार्यक्रम के सफलतम 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंचवर्ष पूर्ति महोत्सव का ऑनलाइन और ऑफलाइन आयोजन विश्व के अनेक देशों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में बिलासपुर गीता परिवार की ओर से कुसुमलता अग्रवाल पति स्व किशोरीलाल अग्रवाल के निवास पर श्री मद्भागवत गीता के संपूर्ण 18 अध्यायों का पारायण किया गया। गीता पाठ के पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। ज्ञात हो कि पिछले 40 दिनों के अंदर बिलासपुर गीता परिवार ने कुल 11 ऑफलाइन पारायण और 8 ऑनलाइन पारायण कार्यक्रम संपन्न किया, जिसमें गीता की प्रश्नोत्तरी भी रखी गई। आने वाले समय में गीता स्लोगन के ऊपर रील बनाओ प्रतियोगिता एवं मैया यशोदा संग कृष्ण कन्हैया फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

## डिप्टी सीएम ने लोरमी में किया जनसभा को संबोधित

# शिवघाट को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करना आवश्यक: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

शिवघाट स्थित महादेव मंदिर आस-पास के क्षेत्र वासियों की आस्था, विश्वास और श्रद्धा का केंद्र है। इसे ध्यान में रखते हुए इस तीर्थ स्थल को विकसित करना आवश्यक है। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शिवघाट में आयोजित सभा में कही।

उन्होंने ने कहा कि सरकार ने सभी मंदिरों का जीर्णोद्धार करने एवं परिसर को विकसित करने डेढ़ करोड़ रुपए स्वीकृत किया है। इस राशि से बाउंड्रीवाल निर्माण, घाट सौंदर्यीकरण, पेवर ब्लाक, यज्ञ शाला, सोलर लाइट, बैठने की उचित व्यवस्था एवं 2 सुंदर द्वार का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने ने शिवघाट परिसर में बाबा भोलेनाथ के भक्तों के लिए वॉटर फ्रिजर मंदिर समिति को समर्पित किया, साथ ही उन्होंने परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान गौरकापा वाले महाराज विवेक गिरी गोस्वामी, कोमल गिरी गोस्वामी, पार्षद आरती ध्रुव, राकेश दुबे, धनीराम यादव, विक्रम सिंह, गुरमीत सलूजा, दिनेश कश्यप, रामेश्वर बंजारे, विनय साहू, प्रदीप साहू, रवि शर्मा, सुशील यादव, महाजन जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महेंद्र खत्री, विश्वास दुबे, अशोक जायसवाल, विक्की केशरवानी, सोहन जायसवाल, छेदू जायसवाल, आलोक शिवहरे सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं भक्तजन उपस्थित रहे।




### रक्तदान जीवनदान, हमेशा जागरूक रहना चाहिए

जरूरतमंदों को मुफ्त में ब्लड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देश के अमर शहीदों की स्मृति में गुरुद्वारा भवन में श्रीराम सेवा समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि, रक्तदान महादान हैं, और रक्तदान ही जीवनदान हैं। रक्तदान करके हम लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं, मनुष्य को हमेशा रक्तदान के लिए जागरूक रहना चाहिए। टीम के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने बताया कि जुलाई से ही 'रक्तदान महादान' कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी एवं देश के अमर शहीदों की स्मृति में 1 अगस्त को इस सिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 50 लोगों ने रक्तदान किया। इस आयोजन में पंजाबी समाज, ऑटो पार्ट्स संघ, प्रेस क्लब, मनियारी क्रिकेट टीम, राजीव गांधी महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, बिलासपुर सिम्स, ब्लड बैंक व जिला अस्पताल मुंगेली का सहयोग रहा।



## खूंटाघाट बांध से सिंचाई के लिए छोड़ा गया पानी

**रतनपुर।** खूंटाघाट बांध से सीपत-मस्तूरी विस क्षेत्र के लगभग सवा दो सौ से अधिक गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है। खूंटाघाट बांध के पानी से ही इस क्षेत्र के किसानों की जीवन की दशा और दिशा तय होती है। इसी क्रम में कृषि कार्यों में तेजी लाने और किसानों को सिंचाई जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार 3 अगस्त को खूंटाघाट जलाशय के गेट खोल दिए गए।

जिला प्रशासन के निर्देश पर बाईं तट मुख्य नहर से 100 क्यूसेक और दाईं तट मुख्य नहर से 50 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, जो खरीफ की फसलों की बुआई और बढ़वार में मदद करेगा। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जिपं सदस्य रजनी मरकाम व दामोदर कांत कोटा जपं अध्यक्ष, रतनपुर नपा अध्यक्ष लव कुश कश्यप, बिनु निराला, पार्षद संतोष अर्चना सोनी, पार्षद मनोज पाटले, शिव मोहन बघेल, हंसराम सोनी, रविंद्र, गुलशन सुमन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सिंचाई व्यवस्था और तकनीकी निगरानी हेतु एसडीओ डीडी दीवान, कार्यपालन अभियंता मधुचंद्रा, इंजीनियर राकेश सोनी तथा अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। इससे पहले 1 अगस्त को कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जल उपयोगिता समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें खूंटाघाट जलाशय के गेट खोलने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिले के सभी प्रमुख जलाशयों में जलभराव की स्थिति, सिंचाई की योजना, खरीफ सीजन की तैयारियों, खाद-बीज की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा की गई थी।

## बोल बम सेवा समिति की कांवड़ यात्रा संपन्न, महाप्रसाद वितरण आज



**कोटा/रतनपुर।** श्रावण मास में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला, जब बोल बम सेवा समिति रतनपुर-कोटा के तत्वावधान में हजारों की संख्या में कांवड़ियों ने बेलपान से पवित्र नर्मदा जल लेकर बूढ़ा महादेव रतनपुर में जलाभिषेक हेतु कांवड़ यात्रा निकाली। नगर से सुबह कांवड़ियों का जत्था 'बोल बम' के जयकारों के साथ रवाना हुआ। नगर में श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों की ओर से जगह-जगह पर चाय-पानी, शरबत व विश्राम स्टॉल की व्यवस्था की गई। अग्रसेन भवन में विशेष रूप से कांवड़ियों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था समिति ने की। कांवड़ यात्रा बेलपान से प्रारंभ होकर जोगीपुर होते हुए महामाया मंदिर रतनपुर पहुंची। कांवड़ यात्रा में लगभग 10 हजार से 15 हजार श्रद्धालु शामिल हुए। 2 अगस्त सुबह 9 बजे कांवड़ यात्रा का शुभारंभ बेलपान से हुआ एवं 3 अगस्त को सुबह 6 बजे सभी श्रद्धालु पवित्र जल लेकर रतनपुर के लिए प्रस्थान किए। कांवड़ यात्रा के रतनपुर पहुंचने के बाद शाम 7 बजे महामाया धर्मशाला रतनपुर में बसंत वैष्णव की ओर से संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। आज नगर भ्रमण उपरांत महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

## मवेशियों के कारण हो रहे भीषण सड़क हादसे, नींद में प्रशासन



**तखतपुर।** सड़कों पर आवारा मवेशियों के घूमने से अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। मालिक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ देते हैं, जिसका खामियाजा आम राहगीरों और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा हैं। पूरे सड़क पर मवेशियों का कब्जा होने के कारण सबसे ज्यादा मुसीबत भारी वाहन चालकों को हो रही है। मवेशियों के सड़क पर जमावड़े के कारण भारी वाहन चालकों के लिए रास्ता काटना मुश्किल हो जाता है, और इसी कारण दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इन दुर्घटनाओं में या तो यात्री घायल हो जाते हैं, या मवेशी हादसों को शिकार हो रहे हैं। इसके बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, खबरें लगातार समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हो रही हैं, दूसरी ओर कोर्ट भी इन घटनाओं पर संज्ञान ले रही है, इसके बावजूद कोई स्थाई हल नहीं निकल पा रहा है। लगातार मुख्य मार्गों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है, और यह बिलासपुर से लेकर मुंगेली तक देखा जा सकता है। खम्हरिया, देवरी के पास तो स्थिति और गंभीर होती है, जहां पर पूरी सड़क पर मवेशियों का कब्जा रहता है। स्थिति ऐसी रहती है कि दुपहिया वाहन चालक मुश्किल अपने वाहन निकाल पाते हैं।

## युवाओं में दिखा फ्रेंडशिप डे का उत्साह, बच्चों ने भी किया सेलिब्रेट



**मुंगेली।** दोस्ती का पर्व फ्रेंडशिप डे का क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह रहा, लोग दोस्तों के नाम रविवार को पार्टी एवं सेलिब्रेशन करते रहे। फ्रेंडशिप डे रविवार 3 अगस्त को मनाया गया, जिसको लेकर युवाओं सहित छोटे बच्चों में भी खासा उत्साह देखा गया। शहर की साक्षी, अंशिका ने बताया कि फ्रेंडशिप डे पर जो दोस्त शहर में हैं, उसके घर जाकर विश किए। खुशाल तम्बोली, श्रीराम गुप्ता एवं देवनाथ देवांगन ने बताया कि रविवार को दोस्तों के साथ पार्टी कर खुशियां मनाई गईं। संजय एवं सुरेश का कहना है कि फ्रेंडशिप डे दोस्ती निभाने का अवसर लेकर आता है, इसलिए इस दिन दोस्तों को विश करना अच्छा लगता है। बाजार में वैसे तो कई तरह के फ्रेंडशिप बैंड आए हैं, लेकिन ब्रेसलेट ज्यादा पसंद किया जा रहा है। फ्रेंडशिप डे मनाने वालों की बढ़ती तादाद को देखते हुए मार्केट में चाट एवं आइसक्रीम की दुकान गुलजार रही। ज्यादातर स्कूल के छात्र-छात्राओं कॉलेज के युवाओं में फ्रेंडशिप डे के प्रति रुझान होने के कारण इस मौके पर दिए जाने वाले उपहार की कई वैराइटीज दुकानों में उपलब्ध रही।

## अस्पताल के सामने से अतिक्रमण हटाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**लोरमी।** 50 बिस्तर अस्पताल के सामने में हो रहे अतिक्रमण के विरोध में ग्राम मजगांव वार्ड क्रमांक 10 के ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि 50 बिस्तर अस्पताल के सामने अवैधानिक रुप से सड़क किनारे ठेला एवं दुकान लगाकर व्यवसाय किया जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। साथ ही अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों को वाहन रखने में असुविधा हो रही है एवं हमेशा इस जगह पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इससे पहले भी 28 अप्रैल को इस मामले को लेकर एसडीएम से लिखित शिकायत की गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि जनहित में अस्पताल के सामने अतिक्रमण को हटाया जाना आवश्क है। ज्ञात हो कि, अस्पताल के सामने असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगा रहता है, जिससे रात के समय यहां असुरक्षा का माहौल रहता है। सौंपे गए ज्ञापन में वॉर्ड 10 के पार्षद धारणी पुरुषोत्तम राजपूत, पन्नालाल तिवारी, परसराम राजपूत, शेष कुमार तिवारी, बलभद्र सिंह, रामा नंद सिंह, गोवर्धन श्रीवास, हीरा सिंह, गजेंद्र सिंह के हस्ताक्षर हैं।

### भाजपा बैठक में संगठन विस्तार की चर्चा

**लोरमी।** भाजपा मंडल डिंडोरी ने संगठन विस्तार को लेकर बैठक आयोजित की। नवीन मंडल अस्तित्व में आने के बाद डिंडोरी में भारतीय जनता पार्टी के नेता, कार्यसमिति सदस्य एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया की गई, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कोमल गिरी गोस्वामी, धनी राम यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय साहू, महाजन जायसवाल, प्रदीप मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, सुशील यादव, दिनेश कश्यप,जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, जिपं सदस्य अनीता साहू, समुन्द सिन्द्राम, महामंत्री माधव तिवारी, जन्मेजय जायसवाल, रेखा साहू, अशोक सिंदराम, प्रदीप साहू, रमेश बिंझवार, उत्तम ध्रुव, विनोद यादव, मोहित साहू, प्रदीप गायकवाड़ रघुवीर साहू, राजेंद्र केशरवानी, राजू साहू, योगेश साहू, सिरोमणि साहू, टोलीराम साहू, उमेश लोनिया, उत्तम लोनिया, ब्रम्हा लोनिया, राजेश लोनिया, कमल साहू, मुकेश केशरवानी, नारायण जायसवाल, मुकेश साहू, शिवराम साहू आदि मौजूद थे।

## एक पद, एक व्यक्ति की नीति से संगठन होगा सशक्त: लहरिया



**सीपत।** प्रदेश में कांग्रेस को संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित की गई, जिसमें ब्लॉक प्रभारी व पूर्व विधायक सियाराम कौशिक एवं मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने की। इस दौरान निर्णय लिया गया कि संगठन को अब कांग्रेस जोन के स्थान पर मंडल की तर्ज पर विस्तार देकर सुदृढ़ किया जाएगा। सीपत ब्लॉक को पांच मंडल सोंठी, खांडा, सीपत, पंधी एवं गतौरा में विभाजित किया गया है। प्रत्येक मंडल में 21 बूथ और हर बूथ में 21 कार्यकर्ताओं की कार्यकारिणी गठित की जाएगी। पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने स्पष्ट किया कि बूथ कमेटियों में 50 वर्ष से कम आयु के सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि संगठन में ऊर्जा और सक्रियता बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे प्रयास होंगे कि ज्यादा से ज्यादा पिछड़े वर्ग और युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाए। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि अब कांग्रेस संगठन में कार्यकर्ताओं को उसका सम्मान मिलेगा, एक व्यक्ति एक पद की नीति के साथ सभी को मौका मिलेगा। हमें एकजुट होकर कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सबसे अहम है टीमवर्क और समर्पित कार्यकर्ता। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक मंडल कांग्रेस का मजबूत गढ़ बने।

## कांग्रेस ने भोलाराम को बनाया मस्तूरी ब्लॉक समन्वयक




**मस्तूरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत सहारा परिसर में ब्लॉक प्रभारी आत्मजीत सिंह मक्कड़ व विधायक दिलीप लहरिया के नेतृत्व में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी कार्यकर्ताओ से संवाद व चर्चा कर कई महत्वपूर्ण विषयों पर रणनीति बनाई गई। साथ ही पूर्व कार्यकारिणी को भंग किया गया एवं केंवटाडीह टांगर के सरपंच भोलाराम साहू को सर्वसम्मति से ब्लॉक समन्वयक चुना गया। आगामी बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नवीन कार्यकारणी का विस्तार करने प्रस्ताव पारित किया गया। ब्लॉक में मंडल अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष एवं बूथ इकाई अध्यक्ष बनाने का निर्णय भी लिया गया। इस दौरान मुख्य विधायक दिलीप लहरिया, मस्तूरी ब्लॉक प्रभारी आत्मजीत मक्कड़, पूर्व अध्यक्ष शंकर यादव, जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत, सतकली बावरे, जनपद सदस्य देवेंद्र कृष्णन, राकेश शर्मा, राजू पंडित, कार्तिक पटेल, राजकुमार अंचल, अजय शर्मा, अनिल केवट, अमित पांडेय, अखिलेश दुबे, राहूल राय, उदय भार्गव, राजू तिवारी, मनोहर कुर्रे, पुत्तन दुबे, साहिल मधुकर, शशि पाटले, मुकेश बंजारे, ब्रह्मदेव सिंह, बिंदु जायसी, लखन टंडन, नेत्र टंडन, पिंटू जांगड़े, गोविंदा टंडन, राहूल यादव, विनोद सिंह, द्वारिका साहू, बादल खुटें, लक्ष्मी यादव सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व प्रकोष्ठों के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ठोस कार्रवाई नहीं होने से कारोबारियों के हौसले बुलंद

# अवैध शराब बिक्री से बढ़ी आपराधिक घटनाएं, ग्रामीण आक्रोशित

**सेतगंगा-मुंगेली।** फास्टरपुर थाना क्षेत्र के अधिकांश गांव में नशे के अवैध कारोबार के साथ-साथ आपराधिक गतिविधियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी, मारपीट, धमकी, सड़क दुर्घटनाएं, सट्टा, गांजा कबाड़ सहित अन्य आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। इन सामाजिक बुराइयों का मुख्य कारण जिले सहित ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों में खुलेआम बेखौफ रूप से अवैध शराब बिक्री को माना जा रहा है।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि सेतगंगा सहित आसपास के 8-10 गांव में फिल्टरयुक्त पानी तो आसानी से नहीं मिल पा रहा है, परंतु अवैध शराब अवश्य मिल जाती है। अवैध कारोबारियों की वजह से सैकड़ों परिवार बर्बाद हो चुके हैं। क्षेत्र में मदिरा प्रेमियों की संख्या दिनों दिन बढती जा रही है। हैरानी की बात यह है कि आबकारी एवं पुलिस विभाग इस विषय को लेकर गंभीर नहीं दिखती। मामले की शिकायत के बावजूद पुलिस एवं आबकारी विभाग की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही, जिसके चलते अवैध कारिबारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। आलम यह है कि कुछ मजदूर सुबह से ही कोचियों के ठिकानों पर अपनी गाढ़ी कमाई को नशे में झोंक रहे हैं। इसके बावजूद कोचियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। गांव में नशे का अवैध कारोबार किस तरह से धड़ल्ले से फल-फूल रहा है, इस बात का अंदाजा गली गली में पड़े डिस्पोजल तथा शराब की खाली बोतलों को देखकर आसानी से लगाया जा सकता है। जानकारी के अनुसार सुबह से ही कोचए सक्रिय हो जाते हैं एवं शाम होते तक चौक-चौराहों स्थिति भयावह हो जाती है। हालात ऐसे हो जाते हैं कि लोग इन रास्तों से आने-जाने से कतराने लगते हैं। गंभीर विषय यह है कि जगह-जगह बिकने वाली शराब पर किसी तरह की कार्रवाई न होने के कारण बच्चों, युवा सहित महिलाएं भी नशे के गिरफ्त में फंसती जा रही हैं। कुछ युवा इतने आदी हो चुके हैं कि उनके परिजनों को डॉक्टर से परामर्श लेना पड़ रहा है। इसके चलते यहां के स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश की स्थिति बनती जा रही है। ऐसा नहीं है कि, आबकारी एवं पुलिस विभाग को इस मामले का संज्ञान नहीं है, लेकिन वे भी अपरिहार्य कारणों से बेबस नजर आ रहे हैं। इस संदर्भ में फास्टरपुर थाने स्टाफ का कहना है कि, क्षेत्र में अवैध कारोबार पर अंकुश है। लेकिन इनकी बानगी सेतगंगा सहित बीजातराई, रैतरा, ठेलका नवागांव, कुकुरहट्टा जल्ली, मौहार, बिचारपुर, सेमरकोना, केशली में साफ तौर पर देखी जा सकती है।




## पहल कार्यक्रम में ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**लालपुर।** मुंगेली एसपी भोजराम पटेल के निर्देशानुसार मुंगेली पुलिस द्वारा 'पहल' अभियान चलाकर आम लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को लालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवरहट में पहल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से साइबर अपराध, यातायात नियमों का पालन व नशे के खिलाफ जागरूकता संबंधी बातों को ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर लोगों को जानकारी दी गई कि, किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर टोल फ्री नंबर 1930 में तत्काल सूचित करें एवं किसी भी अनजान कॉल को अपनी कोई भी निजी जानकारी ने दें। साथ ही विभिन्न यातायात संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की गई। इस दौरान गुड सेमेरिटन के बारे में भी बताया गया एवं किसी भी प्रकार की नशाखोरी नहीं करने के निर्देश दिए गए, साथ ही गांव में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तुरंत बीट आरक्षक, प्रभारी एवं थाने में सूचित करने निर्देश दिया गया।

## खबर संक्षेप

### वृंदावन जाने निकले वृद्ध की नदी में मिली लाश

**बिलासपुर।** घर से वृंदावन जाने के लिए निकले वृद्ध की नदी में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, ग्राम पंधी निवासी रामरतन साहू पिता चोखाराम साहू 72 साल शनिवार को घर में वृंदावन जाने की बात कहकर निकल गए। रविवार की शाम गांव के लोगों ने खारून नदी में वृद्ध की लाश देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर नदी से शव बाहर निकाला तो उनकी पहचान रामरतन साहू के रूप में हुई। पुलिस शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### हंगामाः चखना दुकान का कर्मचारी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब दुकान के सामने हंगामा मचाने वाले चखना दुकान के कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया कि शनिवार की रात 10 बजे सूचना मिली कि पुराना बस स्टैण्ड शराब दुकान के सामने चखना दुकान का कर्मचारी नशे में हंगामा मचा रहा है। पुलिस मौके पर गई तो कर्मचारी भाग गया था। रविवार को दोपहर में फिर सूचना मिली कि उक्त कर्मचारी नशे में शराब दुकान के सामने फिर से हंगामा मचा रहा है। पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर जाकर उसे हंगामा मचाते हुए पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

### फ्री फायर गेम खेलने निकला बालक लापता

**बिलासपुर।** पिता का मोबाइल लेकर गांव में फ्री फायर गेम खेलने निकला 13 वर्षीय बालक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। तीन दिन बाद भी पुलिस बालक को नहीं खोज पाई है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया कि 31 जुलाई को शाम 4 बजे ग्राम भरारी में रहने वाला 13 वर्षीय बालक अपने पिता का मोबाइल लेकर फ्री फायर गेम खेलने के लिए निकल गया। शाम 4 बजे उसे गांव के लोगों ने मोबाइल में गेम खेलते देखा है। उसके बाद वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। शाम 7 बजे तक वह नहीं लौटा तो घर में हड़कंप मच गया। परिजन ने गांव में खोजबीन की पर उसका पता नहीं चला। 1 अगस्त को परिजन ने बालक के गुम होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस अपराध कायम कर पतासाजी में जुट गई है। आलम यह है कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस बालक को खोज नहीं पाई है। इसी तरह बीते शुक्रवार को बिल्हा क्षेत्र से दो छात्राएं लापता हो गई थी। पुलिस दोनों छात्राओं को भी नहीं खोज पाई है।

**प्रकरणों का लंबित न होना बड़ी बात** — जटिल मामलों को सुलझाने में लेबोरेटरी ने निभाई बड़ी भूमिका

# 5 साल में साढ़े 11 हजार सैंपल की जांच, रीजनल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी का बड़ा योगदान

**बिलासपुर।** परसदा में स्थापित रिजनल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी ने पांच सालों में साढ़े 11 हजार सैंपलों की जांच व उनकी त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत कर न केवल अपराधियों को सजा, बल्कि पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने में महती भूमिका निभाई है।

लेबोरटरी में स्थापित बायो एवं विष शाखा द्वारा बिसरा, ब्लड सैंपल, हथियारों की जांच एवं पीड़ित व संदेही के कपड़ों की जांच कर हत्या और रेप सहित विभिन्न मामलों की जांच को एक दिशा देकर प्रकरणों को सुलझाने में अपना बड़ा योगदान दिया है।

शहर के एक निजी स्कूल के बाथरुम में छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए सोडियम विस्फोट का मामला हो, या सरकंडा में एक श्रमिक की बच्ची के अनाचार का मामला। नवागढ़ में जहर मिली शराब पिलाकर हत्या करने का मामला हो, या फिर अकलतरा में एक ही दिन में जहर देकर 40 गायों को मौत के घाट उतार देने का मामला। इन सभी प्रकरणों में न केवल सैंपलों



की जांच, बल्कि त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत कर मामलों में दोषी व्यक्तियों की पहचान कर सजा दिलवाने में परसदा स्थित रिजनल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

लेबोरेटरी में सैंपलों की जांच के लिए दो शाखाओं की स्थापना की गई है। इनमें विष शाखा व बायो शाखा शामिल हैं। विष शाखा में चार स्तरों पर काम किया जाता है। इसके अंतर्गत पहले स्तर में जहर मिलाकर शराब पिलाने या किसी भी तरह का जहर खाने व खिलाकर किसी की जान जाने के मामले में जहर के प्रकार की जांच की जाती है। किसी भी तरह के ज्वलनशील पदार्थ पेट्रोल, डीजल, थिनर, मिट्टीतेल एसिड या तेज़ाब से जलकर हताहत होने वालों के सैंपल कैमेस्ट्री विभाग में जांचे जाते हैं। मादक पदार्थों ब्राऊन शुगर, शराब, भांग या गांजा की जांच का जिम्मा नारकोटिक्स शाखा का होता है। इसी तरह किसी भी तरह के बम, बारूद या गोला जैसे विस्फोटक पदार्थों का उपयोग कर किए गए अपराधों का परीक्षण भी लेबोरेटरी की विस्फोटक शाखा द्वारा की जाती है।

वर्ष 2020 से आज दिनांक तक लैब की विष शाखा में 5 हजार 524 सैंपल जांच के लिए आए थे, जिनमें सारे निराकृत किए जा चुके हैं। इसी तरह लैब की बायो शाखा में मर्डर, रेप व डूबकर मरने वालों के सैंपल की जांच कर वास्तविकता का पता लगाया जाता है। बायो शाखा में वर्ष 2020 से अब तक पांच वर्षों में 5 हजार 945 सैंपल प्राप्त हुए हैं, जिनमें सारे प्रकरण निराकृत किए जा चुके हैं।

### डूबकर मरे व्यक्तियों की डायटम जांच अब यहां भी

पानी में डूबकर मरने वालों की डायटम जांच भी अब परसदा स्थित लैब में होने लगी है। इसके अंतर्गत डूबकर मरने वाले स्थान एवं पानी में डूबने वाले मृतक के जांघ की हड्डी में मौजूद डायटम के मिलान व जांच कर इस बात का पता लगाया जाता है कि संबंधित की मौत कहीं और हत्या कर पानी में फेंकने, या फिर वास्तव में डूबने से ही हुई है।

### एसीबी के मामलों में सेम डे रिपोर्ट देने की बाध्यता

एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा रिश्वतखोरों को रंगे हाथों पकड़ने व हाथ धुलवाने के बाद एकत्र किए गए गुलाबी पानी की जांच का जिम्मा भी फोरेंसिक लैब का ही है। कैमिकल के कारण गुलाबी हो चुके पानी की शीशी टूट ना जाए, या उसमें किसी भी तरह की मिलावट या अदला-बदली न हो जाए इसके लिए सैंपल तत्काल लेबोरेटरी में पहुंचा दिए जाते हैं। प्राप्त सैंपल की जांच उसी दिन करते हुए रिपोर्ट भी तत्काल प्रस्तुत करना होगा।

### इंटर्नशिप के लिए विभिन्न राज्यों से आते हैं छात्र

वर्ष 2020 में स्वयं का भवन बनने के बाद इसका संचालन परसदा से किया जाने लगा। वर्तमान में सैंपलों की जांच कर अपनी रिपोर्ट के माध्यम से विभिन्न प्रकरणों को निराकृत करने के अलावा लैब देश के विभिन्न राज्यों से इंटर्नशिप के लिए आए छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहा है। स्थानीय विवि के छात्र-छात्राओं के अलावा पोस्टमार्टम से जुड़े डॉक्टर भी यहां आकर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

### संस्थान ने साबित की उपयोगिता

किसी भी अपराध या घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित निराकरण के लिए लैबोरेटरी में जांच हेतु प्राप्त किए गए सैंपलों की जल्द से जल्द एवं सटीक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम आरईएसएल का है। बीते पांच वर्षों में साढ़े 11 हजार सैंपलों की जांच कर निर्धारित समयावधि में रिपोर्ट प्रस्तुत कर संस्थान ने अपनी स्थापना की सार्थकता एवं उपयोगिता साबित की है।

-डा. टीएल चंद्रा, प्रभारी संचालक राज्य न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला छग

**आवारा मवेशियों को पकड़ने निगम चला रहा लगातार अभियान**

# 20 दिनों में 3 हादसे, 50 मवेशियों की मौत, लावारिस छोड़ने पर निगम ने कराया एक और एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पालतू मवेशियों को सड़क पर छोड़ने वाले के खिलाफ नगर निगम ने एफआईआर दर्ज कराया है। निगम ने सिविल लाइन थाने में राजेन्द्र नगर निवासी मवेशी मालिक संतोष यादव के खिलाफ अपराध क्रमांक 978/2025 धारा 291,285 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 3,11,1 आई के तहत अपराध दर्ज कर कराया है।

- मवेशी मालिकों को दी जा रही समझाइश, फिर भी लापरवाही

दरअसल पालतू मवेशियों को लावारिस छोड़ने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और सड़क पर जाम लग रहा है। इससे मवेशियों का जीवन संकट में आ रहा है तो राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए एक बड़ी समस्या है। लगातार समझाइश के बाद भी मवेशी मालिक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है।

शहर के राजेन्द्र नगर में शिव मंदिर के पास दो गाय और एक बछड़े को सड़क पर छोड़ दिया गया था। मवेशियों को हटाने निकली निगम के जोन क्रमांक 3 की टीम द्वारा आस-पास पूछताछ करने पर पता चला कि यह मवेशी राजेन्द्र नगर निवासी संतोष यादव की है। जिस पर कर्मचारियों ने संतोष यादव से संपर्क किया और कई बार आवाज देने के बावजूद मवेशी मालिक संतोष यादव द्वारा पशुओं को ले जाया नहीं गया। जिसके बाद जोन कमिश्नर के निर्देश पर निगम के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी दिनेश कौशिक ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई और सरकंडा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।



सड़क पर मवेशियों का कब्जा।

### गले में जियो टैगिंग लगाने की योजना

29 सितंबर 2024 राज्य सरकार ने बताया था कि मवेशियों को जियो टेगिंग वाला बेल्ट लगाने की योजना है। साथ ही सड़क पर बैठे मवेशियों की धरपकड़ की जा रही है। प्रशासन ने इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी ही लगा दी है। पशुपालन विभाग ने मवेशियों के गले में जियो टेगिंग वाले बेल्ट भी लगाने शुरू कर दिए हैं।

### मौत का सिलसिला नहीं थम रहा

दरअसल, स्टेट और नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों की चपेट में आने से मवेशियों की मौत का सिलसिला नहीं थम रहा है। पिछले 20 दिन के भीतर ही 3 तीन हादसों में 50 से अधिक गौवंशों की मौत हो चुकी है। तीन दिन पहले ही बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे में हादसा हुआ, जिसमें अज्ञात वाहन ने 16 से अधिक गायों को कुचल दिया, जिससे 15 मवेशियों की जान चली गई।

### की जा रही है कार्रवाई

नगर निगम द्वारा रोजाना मवेशियों को सडकों से पकड़ा जा रहा है,मवेशी मालिक उन्हें छुड़ा कर घर तो ले जाते है पर वापस मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं जिससे मवेशी फिर सड़कों पर दिखने लगते है। गोठान में मवेशी मालिकों को खुले में ना छोड़ने के लिए बकायदा समझाइश भी दी जा रही है। पशुपालकों से अपील है कि वे अपने गोधन को बाहर ना छोड़ें। पालतू मवेशियों को अपने स्थान पर रख कर चारा-पानी की समुचित व्यवस्था करें। - **अमित कुमार,** निगम आयुक्त

## काउकेचर के बाद भी अंडरब्रिज में मवेशियों का जमावड़ा

तारबाहर रेल क्रासिंग में बने अंडरब्रिज मवेशियों के कारण पब्लिक को होने वाली परेशानियों को देखते हुए काउकेचर लगाने का काम इतनी धीमी गति से हो रहा है कि मवेशी कहीं से भी अंडरब्रिज के अंदर पहुंच जा रहे हैं। वहीं काम की गति धीमी होने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- हजारों लोग हो रहे परेशान

रेल प्रशासन ने 15 जुलाई से तारबाहर रेल क्रासिंग पर बने अंडरब्रिज में सिरगिट्टी और तारबाहर की ओर काउकेचर लगाने के लिए लोगों की आवाजाही को पूरी तरह से बंद कर दिया है। पहले यह कार्य 26 जुलाई यानि 11 दिन में पूरा करने का टारगेट रखा गया था, लेकिन 11 दिन में केवल तारबाहर की ओर ही गड्ढा करने का काम किया गया। वहीं दूसरी ओर सिरगिट्टी रेल क्रासिंग बाईपास लाइन के पास बेरियर को बंद करने के कारण लोगों को चुचुहियापारा रेल क्रासिंग पार कर शहर की ओर आना-जाना मजबूरी हो गई। काउकेचर का काम करने का मुख्य उद्देश्य मवेशियों को अंडरब्रिज के अंदर प्रवेश नहीं देने का था, लेकिन इस उद्देश्य में रेल प्रशासन पूरी तरह से फेल हो गया। एक ओर बेरियर लगने और दूसरे ओर केवल गड्ढा खोदाई करने के बाद भी अंडरब्रिज के अंदर मवेशियों का जमावड़ा कम नहीं हो पाया है।

### काम कर रहे केवल तीन मजदूर

तारबाहर से सिरगिट्टी के बीच बने रेल क्रासिंग के अंडरब्रिज बंद रहने के कारण परेशान हो रहे लोगों में काफी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि अंडरब्रिज को 25 दिन तक बंद करते हुए 30 से 40 हजार पब्लिक को परेशान कर केवल तीन मजदूरों से काम कराया जा रहा है।



## एयरपोर्ट में बुनियादी सुविधाओं का अभाव



**बिलासपुर।** बिलासा एयरपोर्ट में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने कलेकअर से जल्द ही इस बारे में निर्णय लेने की मांग की है। गौर तलब है कि एयरपोर्ट की कैंटीन 2 महीने से बंद है। एयरपोर्ट के बाहरी हिस्से में कैंटीन और टॉयलेट बनाने की योजना 3 साल से लंबित है। प्रबंधन ने टैक्सी कंपनी का ठेका दिया गया है, लेकिन गाड़ी उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को निजी ऑटो और टैक्सी से आना जाना पड़ता है लेकिन इसे भी एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश नहीं मिलता है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में बुनियादी सुविधाओं का टोटा है,यात्री की तादात बढ़ रही है लेकिन प्रबंधन की उपेक्षा के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि एयरपोर्ट के प्रभारी अधिकारी कलेक्टर है, जबकि नोडल अधिकारी ननि कमिश्नर को बनाया गया है लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है।

- दो माह से बंद है कैंटीन

बताया जा रहा है कि डायमंड होटल द्वारा कैंटीन चलाई जा रही थी, यह दो माह से बंद है। एयरपोर्ट परिसर में कैंटीन और टॉयलेट प्रस्तावित है लेकिन यह अभी तक नहीं बन सका है। टैक्सी का ठेका भी निजी कंपनी को दिया गया है कंपनी अपनी गाड़ियां एयरपोर्ट पर नहीं रखती, वहीं अन्य निजी टैक्सी और ऑटो को एयरपोर्ट के अंदर घुसने तक नहीं दिया जा रहा है। समिति ने कलेक्टर से मांग करते हुए कहा है कि व्यक्तिगत रूप से दखल दें। केवल डिपार्चर हाल के साथ ही मुख्य भवन के बाहर की कैंटीन और टॉयलेट का काम शुरू किया जाए। धरने में अनिल गुलहरे,प्रकाश बहरानी, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, मनोज श्रीवास, शिरीष कश्यप, देवेंद्र सिंह ठाकुर,केशव गोरख, चंद्र प्रकाश जायसवाल, अकील अली व सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## महिला ने पति-पत्नी से मारपीट कर घर में की तोड़फोड़, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



उधार की रकम मांगने आई महिला ने पैसा लौटाते समय मांगने पर पति पत्नी के साथ मारपीट कर घर में जमकर तोड़फोड़ कर दी है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर चंदन अटल आवास निवासी कार ड्राइवर शेख वाहिद पिता शेख फरीद ने बोदरी आवास मोहल्ला में रहने वाली ललिता उर्फ मोनी से 6 माह पूर्व दो लाख रुपए उधार लिया था। 2 अगस्त को सुबह 10.40 बजे ललिता उर्फ मोनी उनके घर आकर पैसा वापस क्यों नहीं कर रहा कहकर हंगामा मचाने लगी। उन्होंने पैसा वापस करने के लिए समय मांगे तो शेख वाहिद, उनकी पत्नी शहनाज बेगम के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का लात से मारपीट की। उसके बाद घर के अंदर रखे टीवी, कांच के सामान, टी टेबल में तोड़फोड़ कर दी है।

पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर ललिता उर्फ मोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 324, 4, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सिम्स में 3 दिन से रखी है लाश, दो थानों में फंसा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के मरच्यूरी में पिछले 3 दिनों से एक व्यक्ति की लाश रखी हुई है, जिसके कफन-दफन के लिए दो थानों के बीच मामला फंसने के कारण व्यक्ति के परिजनों की खोजबीन नहीं हो सकी है। मामला सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई। अब सोमवार को परिजन को सौंपने की बात कही जा रही है।

दरअसल सिम्स के एमएम3 में काफी दिनों से एक व्यक्ति का इलाज किया जा रहा था, व्यक्ति काफी कमजोर और अस्वस्थ था। जानकारी के अनुसार जूना बिलासपुर का रहना वाले मोहन भोई को सरकंडा से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गंभीर हालत में सिम्स लाया गया था, कुछ लोगों ने उसे इलाज के लिए भर्ती करा स्वयं ही रफूचक्कर हो गए। इसके बाद सिम्स के डाक्टर और स्टाफ उसका इलाज करते रहे। 1 अगस्त के दोपहर 2.50 मिनट पर उसकी मौत हो गई। नॉन एमएलसी नंबर 418 में मृग कायम किया गया, लेकिन सिम्स और पुलिस के पास परिजनों की जानकारी नहीं थी। सिम्स चौकी से मामले में सरकंडा थाने में मेमो भेजा गया, लेकिन व्यक्ति का पता जूना बिलासपुर होने के कारण सरकंडा थाने द्वारा पतासाजी में लापरवाही की जाती रही, वहीं सिटी कोतवाली से पुछताछ की गई लेकिन वहां के स्टाफ ने भी पल्ला झाड़ लिया। इस दौरान मृत व्यक्ति की लाश 3 दिनों तक मरच्यूरी में रखी रही, जिसके कफन दफन के लिए कोई परिजन अबतक नहीं आया।

रविवार को इस मामले की जानकारी मीडिया को पता चली, जिसके बाद पुलिस भी हरकत में आई और शाम तक मृतक के परिजनों को खोज निकाला गया। बताया जा रहा है कि सोमवार को मृतक के परिजनों को शव की सुपुर्दगी दी जाएगी।

### पीएम को लेकर असमंजस

बताया जा रहा है परिजनों के मिलने के बाद शव का पीएम कराया जा सकता है। दरअसल व्यक्ति को इलाज के लिए कुछ लोगों ने सिम्स में छोड़ा था, इस दौरान उसकी स्थिति काफी गंभीर थी। परिजनों ने पुलिस के पास आशंका व्यक्त की है। ऐसे में सोमवार को परिजनों की उपस्थिति में पीएम कराया जा सकता है।

### परिजन की जानकारी मिल गई

मामले की जानकारी मिलने पर सरकंडा थाने में मेमो भेजा गया था। अबतक 3 दिन हो चुके हैं। मुंशी से जानकारी लेने पर पता चला है कि परिजनों की पतासाजी हो चुकी है। सोमवार की सुबह उन्हें बुलाया गया है।

- **गुलाब सोनवाली**
प्रभारी, सिम्स चौकी

### बोतल को नष्ट करने लगी 6 बॉटल क्रशर मशीनें

**बिलासपुर।** पानी के बॉटल को नष्ट करने के लिए रेलवे ने स्टेशन के प्लेटफार्म पर 6 बॉटल क्रशर मशीन लगा दी है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कामर्शियल विभाग ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर प्लाटस्टिक कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। 6 मशीनो में तीन नई अत्याधुनिक हैं जो कोका कोला कंपनी के सौजन्य से लगाई गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

**एक माह में आपरेशन मुस्कान की बड़ी सफलता**

## 151 लापता बालक बालिकाओं को पुलिस ने किया बरामद

**बिलासपुर।** पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने पिछने माह लापता हुए 151 बालक बालिकाओं को बरामद किया है।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार पुरे राज्य में जुलाई माह में आपरेशन मुस्कान चलाया गया। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर इस अभियान को गंभीरता से लते हुए जिले में बालक, बालिकाओं के लंबित सभी प्रकरणों की स्वयं समीक्षा की गई व समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को संवेदनशीलता पूर्वक प्रत्येक प्रकरण की विवेचना एवं विश्लेषण के बाद खोजकर बरामद करने के निर्देश दिए गए। तकनीकी सहयोग एवं मुखबिर तंत्र को स्ट्रांग किया गया, जिससे कई गुम बालक, बालिकाओं के विभिन्न







राज्यों में होने की जानकारी मिली। सभी थाना प्रभारियों के द्वारा अलग अलग टीम बनाकर महाराष्ट्र, तमिलनायडू, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश पंजाब में पतासाजी कर गुम बालक बालिकाओं को बरामद किया गया है। यह अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलाया गया। इसमें 14 बालक, 137 बालिका सहित कुल 151 गुम बालक, बालिकाओं को बरामद कर परिजन के सुपुर्द किया गया है। उसके पहले जून माह में 1056 गुम महिला, पुरूषों को खोजकर बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया था। एसएसपी श्री सिंह ने जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, विवेचकों को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक,
गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी,
नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स
चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशिः-स्लीपर -12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411